श्री दिगम्बर सिंह : यह बलेटिन यू०पी० सरकार की तरफ से निकाला जाता है और यह मंथली है (Monthly Bulletin of Statistics April 1956 Uttar Pradesh) अगर जो आंकड़े इसमें दिये हुये हैं वे गलत हो सकते हैं, तो मैं कुछ नहीं कह सकता, क्योंकि ये सरकारी आंकड़े हैं।

मैं अर्ज कर रहा था कि देहात की प्रति व्यक्ति आय २०७ रुपये आंकी गई थी और शहर की ५९५ रुपये जो कि १९५६ में घट कर १५० रह गई जब कि शहर की बढ़ कर ६०४ रुपये हो गई। इसका मतलब यह हुआ कि गरीबों का अन्तर पहले से अपेक्षाकृत बढ़ गया है। आज हमें डर है कि यह जो योजना हमारे सामने है, वह इस अन्तर को और आगे न बढ़ा दे। इसी आधार पर मैं आपके सामने दूसरी चीजें रखना चाहता हूं। प्रथम पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भ में सन् १९५१ में हमारे यहां ५५४ लाख टन अनाज का उत्पादन हुआ था जब कि सन् १९५६ में ६५० लाख टन उत्पादन हुआ है। इससे यह तो पता चल जाता है कि उत्पादन में वृद्धि हुई है। लेकिन अगर आप मूल्य को देखें तो आपको पता चलेगा कि २ अरब ८२ करोड़ रुपया कम किसानों को मिला है। बेचारे किसानों ने जो अनाज पैदा किया उसमें तो वृद्धि हुई परन्तु जब हम उसके मूल्य को देखते हैं तो हमें पता चलता है कि उनको २ अरब ८२ करोड़ रुपया कम मिला है।

यदि हम इन आंकड़ों को देखें और इन पर विचार करें तो हमें पता चलेगा कि किसानों की हालत बहुत दयनीय है। आज हमारी सरकार जो कर रही है वह उसी तरह से कर रही है कि एक आदमी के पास दो रोटी थी और दूसरे के पास दस और कोई भूखा मर रहा था। अब सरकार जिसके पास दो रोटी हैं उससे भी एक रोटी लेती है और जिसके पास दस रोटी हैं उससे भी एक लेती है और

[श्री दिगंबर सिंह]

जो भूखा मर रहा है उसको दे देती है। मैं मानता हूं कि जिनकी स्थिति बहुत खराब है उनकी स्थिति सुधारने की कोशिश वह कर रही है और उनको ऊंचा उठाने की कोशिश कर रही है। लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि जो बड़े बड़े पूंजीपति हैं उनसे भी सरकार ही लेती है और एक मामूली किसान से भी लेती है जोकि भूखा मरता है और जो पेट भर खाना नहीं खाता है। जो मेरी प्रार्थना है वह यह है कि हमारी सरकार चाहे देश की तरक्की करे या न करे लेकिन सबसे पहले वह इस बात की गारंटी उन किसानों को दे दे कि उनकी जैसी स्थिति अब है, उससे वह आगे चल कर खराब नहीं होगी बल्कि उसमें सुधार ही होगा।

इसी तरह से, उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और निवेदन करना चाहता हूं। हमारे यहां बेकारी की समस्या है और इसको हल करने की कोशिश भी की जा रही है और बहुत सी योजनायें भी बनाई जा रही हैं। इस से बहुत से लोगों को काम भी मिल जाता है और बहुतों को नहीं भी मिलता है। लेकिन जो एक नई बात मैं अर्ज करना चाहता हूं वह यह है कि हम इस पर विचार नहीं करते कि हमारे यहां कितने परिवार ऐसे हैं जो बेकार हैं। आप अगर काम पाये हुये व्यक्तियों की लिस्ट बनायें तो आपको पता चलेगा कि बहुत से परिवार ऐसे होंगे जिन में से किसी एक संदस्य को भी कोई नौकरी नहीं मिली हुई होगी। आप देखेंगे कि अगर एक परिवार में पांच सदस्य हैं और उन में से चार को नौकरी मिली हुई है और एक बेकार है तो उस पांचवें बेकार को तो नौकरी मिल जाती है लेकिन जिस परिवार में एक को भी नौकरी नहीं मिली होती है, उसको कोई पूछता नहीं है। इस तरह से देश की उन्नति नहीं हो सकती है। आज जिसके पास कोई साधन है वह तो नौकरी पा जाता है लेकिन जो साधनहीन व्यक्ति हैं उसको कहीं कोई नौकरी नहीं मिलती है। तो जिस तरह से हम बेकारी की समस्या को हल करने की कोशिश कर रहे हैं, उस तरह से तो यह हल होने वाली नहीं है। तो मेरा आग्रह है कि जब बेकारी की समस्या को हल करने का विचार किया जाये तो इस किस्म के आंकड़ों पर भी विचार कर लिया जाये कि किस परिवार में कितने व्यक्ति काम करते हैं और इसमें कितने व्यक्ति काम नहीं करते हैं और फिर जो प्रेफेंस (अधिमान) दिया जाये उस परिवार के सदस्य को दिया जाये जिसमें किसी भी आदमी को नौकरी न मिली हुई हो। मैं तो यहां तक कहने के लिये तैयार हूं कि अगर आप शहरों और देहातों को समान स्तर पर लाना चाहते हैं, उनको निकट लाना चाहते हैं तो जिस तरह से आपने दूसरों के लिये रिजरवेशन कर रखा है उसी तरह से देहातों के रहने वाले लोगों के लिये नौकरी के स्थान रिज़र्व कर दीजिये और यह उसी हिसाब से रिज़र्व होने चाहियें, जितनी कि उनकी आबादी है।

मैं ने एक बात एक किताब में पढ़ी थी और उसको मैंने नोट भी कर लिया है। लाला हरदयाल ने यह कहा था कि यदि कोई ऐसा दिन आ गया जिस दिन कि दुनिया भर के जमींदार और पूंजीपति नष्ट हो गये तो इससे दुनिया का कोई नुकसान नहीं होगा लेकिन यदि किसी प्रकार से मजदूर नष्ट हो जायेगा या कोई किसान नष्ट हो जायेगा या कोई कारीगर नष्ट हो जाएगा तो आप देखेंगे कि जो चीज वह पैदा करता है, उस चीज की दुनिया में कमी हो जायेगी। इस तरह से मैं अनुभव करता हूं कि हमारे गांव के लोग जिन चीजों को उत्पादन करते हैं वे इसलिये करते हैं कि सब जिन्दा रह सकें और हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति हो। लेकिन शहर के लोगों द्वारा जो उत्पादन होता है वह इस हेतु होता है कि उन्हें आराम मिले, ऐश मिले और जो चीजें वे उत्पादित करते हैं वे उन्हीं के काम में आती हैं। ये चीजें ऐसी होती हैं जो गांव के आदमियों

के पास यदि पहुंच जायें तो उनकी जिन्दगी बरबाद करने वाली सिद्ध होती है और उनको परेशानी में डालने वाली सिद्ध होती हैं। अगर ऐसा समय आ जाये कि शहर में कोई व्यक्ति न रहे तो मैं समझता हूं कि देहात के आदमियों की स्थिति खराब होने की बजाय सुख और चैन से व्यतीत होगी। इसके विपरीत अगर देहात में कोई न रहे तो मैं समझता हूं कि शहर के आदमी भूखे मर जायेंगे। जो चीजें देहात में पैदा होती हैं उन पर इन लोगों का जीवन निर्भर करता है। आज उनकी स्थिति अपेक्षाकृत खराब हो रही है और इसके प्रमाण मैं इस सदन में कई बार दे चुका हूं। और लोगों ने भी कहा है कि यदि आप देहातों की स्थिति को सुधार नहीं सकते तो न सुधारें लेकिन कम से कम उनकी स्थिति जो बिगड़ रही है, उसको और अधिक बिगड़ने न दें और उसको रोकें। द्वितीय पंचवर्षीय योजना काल में जो आप उत्पादन बढ़ा रहे हैं उसको तो आप बढ़ायें लेकिन पहले आप इस बात पर विचार करें कि जो स्थिति उनकी पहले से गिरती जा रही है, उसको कैसे रोका जा सकता है और उसको रोकने का प्रयत्न करें।

मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि किसानों के सम्मुख सब से बड़ी समस्या यह है कि उनके उत्पादन की कीमत के बारे में कोई गारंटी नहीं है कि उनकी लागत और मेहनत को दृष्टि में रख कर उनको मुनासिब दाम मिल जायेंगे। अगर आप किसी भी देश के उत्पादन और उसकी कीमतों का अध्ययन करेंगे, तो आप यह अनुभव करेंगे कि वहां के किसानों को उनकी मेहनत, लागत और अन्य परिस्थितियों के अनुसार अपने उत्पादन के दाम मिल जाते हैं। लेकिन यहां पर स्थिति यह है कि बेचारे किसान मेहनत करते हैं और उत्पादन करते हैं, पर उसकी कीमत उनको उतनी नहीं मिल पाती है, जितनी कि उनको मिलनी चाहिये। अगर हम ६५० लाख टन अन्न की क़ीमत का हिसाब लगायें, तो हमको मालूम होगा कि व्यापारियों नें एक डेढ़ महीने में जो फायदा उठाया, वह छः अरब रुपये से अधिक होता है। जिन बेचारे किसानों ने साल भर कड़ी मेहनत की और उत्पादन किया, उनके हिस्से तो बहुत थोड़ा आया और कुल कीमत का आधा व्यापारियों ने ले लिया।

श्री रघुवीर सहाय (जिला एटा–उत्तर–पूर्व व जिला बदायूं–पूर्व) : तो क्या कीमतें और बढ़ा दी जायें ?

श्री दिगम्बर सिंह : मेरा कहना यह है कि इस समय जो कीमतें बढ़ी हुई हैं, वे बेचारे किसानों के पास तो पहुंचती ही नहीं हैं। वे तो उन व्यापारियों के पेट में पहुंच जाती हैं, जो कि कोई मेहनत नहीं करते। जहां तक कीमतों का सवाल है, जो डेलीगेशन चीन गया था, उन्होंने अच्छी तरह जांच करके जो तथ्य हमारे सामने रखे हैं, उनके आधार पर मैं कह सकता हूं कि वहां के मुकाबिले में यहां पर गेहूं की कीमत कम है। वहां पर गेहूं का भाव उन्नीस रुपये मन है। यहां पर जो भाव आपके सामने आता है, वह तो मंडियों और बड़े बड़े व्यापारियों का भाव है। बेचारे किसानों को तो बहुत कम मिलता है। किसानों की समस्या को हल करने का एकमात्र तरीका यह है कि कीमतें बढ़ाई जायें। जब कीमतें बढ़ी हुई थीं, और किसानों को रुपया मिलता था, उस वक्त एक भी बेकार नहीं था। उस वक्त यहां अन–एम्प्लायमेंट की समस्या नहीं थी। उस वक्त वे समस्यायें नहीं थीं, जो कि आज पैदा हो रही हैं।

इस सम्बन्ध में मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि इन समस्याओं को हल करने के लिये जो तरीके अख्तियार किये जाते हैं वे तरीके खुद भी आगे चल कर एक समस्या बन जाते हैं। उदाहरण के लिये, ग्रामोद्धार के लिये गांवों में पंचायतें स्थापित की गईं, लेकिन उन से गांवों की समस्यायें हल नहीं हुईं, बल्कि वे खुद ही एक समस्या बन गई। इस देश में स्थान स्थान पर एन० ई० एस० (राष्ट्रीय विस्तार सेवा) ब्लाक और कम्यू-

[श्री दिगम्बर सिंह]

निटी प्राजेक्टस प्रारम्भ की गई ताकि गांवों का स्तर ऊंचा उठाया जाये । उनके लिये स्टाफ रखा गया, कारें और जीप्स रखी गई, और कमेटीज बनाई गई, लेकिन वे सब स्वयं एक समस्या बन गये हैं । इसी तरह गांवों की भलाई के लिये चकबन्दी की गई, लेकिन अब चकबन्दी करने वाले और वहां के कर्मचारी खुद समस्या बन गये हैं । मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि समस्याओं को हल करने के लिये जो काम किये जाते हैं, वे समस्याओं को तो हल कर नहीं पाते, बल्कि वे खुद समस्या बन जाते हैं ।

अन्त में मैं केवल यही कहना चाहता हूं कि यदि आप किसानों की भलाई चाहते हैं, तो सब से पहले उनकी गिरती हुई स्थिति को सुधारिये और फिर देशोन्नति के दूसरे कार्य कीजिये ।

श्री ओ नारायण दास : उपाध्यक्ष महोदय, जो द्वितीय पंचवर्षीय योजना हमारे सामने विचारार्थ पेश है, उसके सम्बन्ध में इस सदन में बहुत से विचार प्रकट किये गये हैं । इस योजना पर विचार करने से पहले यह आवश्यक है कि पिछली योजना की सफलताओं पर भी विचार किया जाये, और इस विषय में भी विभिन्न विचार प्रकट किये गये हैं । यह बात सही है कि जहां तक देश के उत्पादन और देश के धन को बढ़ाने का सवाल है, हमने कुछ ऐसी प्रगति की है कि जिससे आगे के लिये हम में विश्वास और आशा पैदा हुई हैं । अब देश में ऐसे बहुत से लोग यह समझने लग गये हैं कि हिन्दुस्तान तरक्की की तरफ जा रहा है । अब बहुत से लोगों में यह विचार दृढ़ हो गया है । पहली योजना में हमने पब्लिक और प्राईवेट सेक्टर में ३६०० करोड़ रुपया लगाने का अन्दाजा लगाया था । रिजर्व बैंक आफ इंडिया की जो रिपोर्ट निकली है, उससे पता चलता है कि इस अवधि में पब्लिक सेक्टर और प्राईवेट सेक्टर दोनों में ३१०० करोड़ रुपये लग चुके हैं । आधा हमने पब्लिक सेक्टर में इन्वेस्ट किया है और आधा प्राईवेट सेक्टर में । दूसरी योजना में हम पब्लिक सेक्टर और प्राईवेट सेक्टर दोनों में ६२०० करोड़ रुपये लगाने जा रहे हैं । यह जो इन्वेस्टमेंट हम करने जा रहे हैं, वह बताती है कि आजकल की आर्थिक प्रणाली में—देश की वर्तमान अवस्था में हम अपने देश के आर्थिक विकास की तरफ यह एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं । उपाध्यक्ष महोदय, यद्यपि मैं कोई अर्थ-शास्त्र का ज्ञाता नहीं हूं, तो भी मैं समझता हूं—और बिना अर्थ-शास्त्र की बड़ी बड़ी किताबें पढ़े सभी लोग यह महसूस करते हैं—कि जब तक हम कुछ तकलीफ नहीं उठायेंगे और वर्तमान आमदनी से कम खर्च नहीं करेंगे, तब तक बचत नहीं होगी और अगर बचत नहीं होगी, तो हम कुछ इन्वेस्ट नहीं कर पायेंगे और हमारा धन नहीं बढ़ सकेगा । मैं देहात का रहने वाला हूं और मैं जानता हूं कि गांवों में वही व्यक्ति धनी होता है—और हो सकता है—जो अपनी आमदनी में से कठिनाई से गुजर करके, तकलीफ़ उठा कर, कुछ बचाता है और फिर व्यापार, खेत या किसी और कार्य में इन्वेस्ट करता है । जिस प्रकार एक व्यक्ति पर यह सिद्धान्त लागू होता है, उसी प्रकार देश पर भी लागू होता है । हमारे देश की जितनी आमदनी है, अगर हम उसका अधिक से अधिक हिस्सा बचायेंगे नहीं और किसी ऐसे काम में नहीं लगायेंगे, जिससे हमारा उत्पादन बढ़े और धन बढ़े, तब तक हमारी तरक्की नहीं हो सकती है । जहां तक दूसरी पंचवर्षीय योजना के लक्ष्य का सवाल है, उससे हमारा उत्साह बढ़ता है । वर्ल्ड बैंक (विश्व बैंक) के जो प्रतिनिधि यहां पर आये थे, उन्होंने हमारी द्वितीय पंचवर्षीय योजना के बारे में जो राय दी है, उसको मैंने बड़े ध्यान से पढ़ा है । उनके विचार में हमारी योजना बहुत महत्वाकांक्षी है—बड़ी एम्बीशस है । जैसा कि कल वित्त मंत्री महोदय ने भी कहा, जो व्यक्ति बाहर से यहां आते हैं, वे कहते हैं कि हमारे साधनों—घरेलू और

बाहर के साधनों—की दृष्टि से हमारे लक्ष्य बहुत ऊंचे हैं और हिन्दुस्तान उनको पूरा नहीं कर सकता है। तात्पर्य यह है कि हिन्दुस्तान की जो वर्तमान आर्थिक अवस्था है और हिन्दुस्तान की राष्ट्रीय आय का जो हिस्सा खपत हो जाता है, जिसको हम कनज्यूम कर लेते हैं और जो बचत होती है, उसको देखने से शक होता है कि सचमुच इस लक्ष्य को, जो कि हमने अपने सामने रखा है, हम पूरा कर सकेंगे या नहीं।

मैं उन लोगों में से हूं, जो यह समझते हैं कि जब तक हम तकलीफ नहीं उठायेंगे, जब तक हम अपनी आमदनी का अधिक से अधिक हिस्सा बचा कर इन्वेस्ट (विनियोग) नहीं करेंगे, तब तक हमारा भविष्य अन्धकारमय रहेगा। मैं यह भी मानता हूं कि जब तक हम यहां पर उन बड़े बड़े उद्योगों को नहीं खोलेंगे और प्रोत्साहन नहीं देंगे, जिन में हम अधिक से अधिक लोगों को काम दे सकें, जिससे हमारा प्रति आदमी उत्पादन बढ़ जाय, तब तक हम देश की आम जनता—वह किसान हो या मजदूर हो या कोई हो—के आर्थिक स्तर को ऊंचा नहीं उठा सकते—उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं कर सकते।

इसके साथ ही साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि देश का उत्पादन बढ़ सकता है, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि उसके बढ़ने से हिन्दुस्तान की आम जनता, देश के आम रहने वाले, जन-साधारण सुखी हो जायें। जहां तक मैंने इस योजना का अध्ययन किया है, मुझे मालूम होता है कि जहां तक उत्पादन का सम्बन्ध है, यह योजना कुछ हद तक उत्साहवर्द्धक है—चाहे वह उत्पादन कृषिकेक्षेत्र में हो अथवा उद्योग के क्षेत्र में। इसमें कोई शक नहीं कि हमारे औद्योगिक और खेती के उत्पादन दोनों में वृद्धि हो गई है यद्यपि मौसम के अदल-बदल, वर्षा के अभाव या बाढ़ के कारण खेती की उपज निश्चित नहीं है। अभी तक हमारी खेती की उपज ईश्वरीय इच्छा पर निर्भर करती है। इसमें भी सन्देह नहीं कि अभी हमारे देश की खेती की उपज कम है। उपाध्यक्ष महोदय, केवल उत्पादन बढ़ाना हमारे प्लान (योजना) का लक्ष्य नहीं होना चाहिये। यदि हम ऐसा करेंगे, तो जैसा कि एक अर्थशास्त्र के लेखक ने बताया है, हमारा उत्पादन नहीं बढ़ सकेगा, क्योंकि उत्पादन तभी बढ़ने की गुंजाइश हो सकती है जब कि हम अपने देश में अधिक से अधिक इन्वेस्टमेंट करें। हमारा उत्पादन तभी बढ़ सकता है जब हम आधुनिक औजारों का उपयोग करें और अपने यहां बड़ी बड़ी मशीनें लगावें, ताकि फी आदमी उत्पादन बढ़े जिससे कि हम दूसरे देशों के कम्पिटीशन (मुकाबले) में ठहर सकें। मैं उन लोगों में से हूं जो कि यह मानते हैं कि हम अपने को दुनिया से अलग रख कर अपना विकास नहीं कर सकते। लेकिन हमारी समस्या केवल उत्पादन बढ़ाते जाने से ही हल नहीं हो सकती। किसी भी देश की योजना उस देश की आर्थिक और सामाजिक अवस्था की पृष्ठ भूमि में बनाई जाती है। हमको पिछली पंचवर्षीय योजना का यह अनुभव है कि हमने देश के विकास पर ३१ करोड़ रुपया लगाया, लेकिन हमारे पास जो आंकड़े हैं उनसे हमको पता लगता है कि उसका परिणाम यह हुआ हमारे यहां बेकारी और भी बढ़ गई। कहा गया है कि पिछली पंचवर्षीय योजना के फलस्वरूप हमारी राष्ट्रीय आय बढ़ गई है, लेकिन शायद हमारी सरकार के पास ऐसा कोई जरिया नहीं है जिससे वह बतला सके कि यह बढ़ी हुई आय समाज के किस वर्ग के पास गई। कई माननीय सदस्यों ने यह प्रश्न सरकार से किया पर सरकार उसका उत्तर नहीं दे सकी। हमारे देश में यह जानने के लिये अभी कोई संगठन नहीं है। हमारे यहां इस प्रकार का कोई संगठन या संस्था अवश्य होनी चाहिये जो कि यह बतला सके कि जो हमारी राष्ट्रीय आय बढ़ती है उसका कौनसा अंश किस वर्ग के पास जाता है।

[श्री श्री नारायण दास]

कल हमारे वित्त मंत्री ने बतलाया कि जब वह अपने इलाके में गये तो उन्होंने देखा कि जो लोग करघा चलाने वाले हैं उनकी हालत सुधर गई है। हम जानते हैं कि जब सरकार लगभग ४ करोड़ रुपया करघे की उन्नति के लिये हर साल खर्च कर रही है तो उनकी अवस्था क्यों नहीं सुधरेगी लेकिन इसका यह अर्थ नहीं समझना चाहिये कि अन्य वर्गों की स्थिति में भी सुधार हो गया है। हमारे समाज में अनेक वर्ग हैं। यह नहीं समझना चाहिये कि यहां पर केवल उच्च श्रेणी, मध्यम श्रेणी और निम्न श्रेणी ये तीन ही वर्ग हैं। हमारे देश में वर्गों की बड़ी संख्या है। इसलिये जब तक कि हम कोई इस प्रकार का संगठन कायम नहीं करेंगे जिससे हमारे योजना निर्माताओं को ज्ञात हो सके कि यह बढ़ी हुई आय किस किस वर्ग के पास जाती है, तब तक हमारे देश के जन साधारण का जीवन स्तर ऊंचा नहीं हो सकता। जैसा कि हमारे भाई ने कहा कि हम योजना को आगे बढ़ाते जाते हैं लेकिन उस हद तक हमारे देश की गरीबी का प्रश्न हल नहीं हो रहा है जिससे कि जनता में उत्साह पैदा हो और लोग उत्साहपूर्वक उत्पादन की बढ़ाने में लग जायें। इसलिये मैं अपने योजना मंत्री से अनुरोध करूंगा कि वे कोई ऐसा संगठन बनावें जो कि इस बात का पता लगावे कि जो हमारे उत्पादन की वृद्धि के कारण हमारी आय में वृद्धि होती है वह किस किस वर्ग के पास जाती है।

हमारे वित्त मंत्री ने एक बात यह भी कही कि चूंकि हम देखते हैं कि हमारे देश में स्कूल जाने वाले लड़कों की तादाद बढ़ रही है, इससे भी अनुमान किया जा सकता है कि हमारा जीवन स्तर बढ़ रहा है। क्योंकि अन्यथा किस प्रकार माता पिता अपने बच्चों को स्कूलों में अधिक संख्या में भेज सकते हैं। लेकिन मैं उनको बतलाना चाहता हूं कि इस संख्या में वृद्धि का कारण यह है कि हमने प्रारम्भिक स्कूलों की शिक्षा निःशुल्क कर दी है इससे कुछ ज्यादा लड़के स्कूलों में जाने लगे हैं। लेकिन फिर भी ऐसे बहुत लोग हैं जो अपने बच्चों को पढ़ने नहीं भेज सकते। इसलिये चूंकि लड़के अधिक संख्या में स्कूलों में जाने लगे हैं इससे यह अनुमान नहीं किया जा सकता कि वास्तव में लोगों का जीवन स्तर ऊंचा हो गया है। यह लड़कों की तादाद कोई सच्चा द्योतक नहीं है।

मैं अपने वित्त मंत्री से कहना चाहूंगा कि जो लक्ष्य हमारी दूसरी पंचवर्षीय योजना का है मैं उसका स्वागत करता हूं। यह ठीक है वह लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन मैं समझता हूं कि जब तक कोई योजना महत्वाकांक्षी नहीं होगी तब तक आम जनता को उसके लिये उत्साह कैसे पैदा होगा। लेकिन साथ ही साथ हमको वास्तविकता से दूर नहीं जाना चाहिये।

इस लक्ष्य के बारे में मैं एक बात और कहना चाहता हूं। इस योजना में बतलाया गया है कि किस प्रकार इस योजना के लिये घरेलू और विदेशी साधनों से रुपया इकट्ठा किया जायेगा। मैं कहना चाहता हूं कि यदि हमारे वित्त मंत्री महोदय अपने मन में यह दृढ़ निश्चय कर लें कि चाहे जिस तरह से हो हम इस लक्ष्य को पूरा करेंगे, तो मेरा विश्वास है कि वे ऐसा कर सकेंगे इसमें सन्देह नहीं है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वे इस बात का पता लगावें कि जो हमारी राष्ट्रीय आय में १८ प्रति शत की वृद्धि हुई है वह कहां गई। उनको चाहिये कि उसको खोज कर उसे वे सरकारी खजाने में लावें। काल्डर साहब ने जो रास्ता बतलाया है उसको मैं जहां तक समझ पाया हूं वह यही है कि हिन्दुस्तान में बढ़ी हुई राष्ट्रीय आय जहां गई है उसको निकाला जाये तो योजना के लिये आवश्यक धनराशि जुट सकेगी। यह ठीक है कि हमने अपना उत्पादन बढ़ाया है लेकिन उसका न्याययुक्त वितरण भी होना चाहिये तभी हमारा जीवनस्तर ऊंचा उठ सकता है।

कल डाइरेक्ट (प्रत्यक्ष) और इनडाइरेक्ट (परोक्ष) टैक्स के बारे में चर्चा हुई । यह सवाल उठा कि क्यों सरकार का ज्यादा ध्यान इनडाइरेक्ट टैक्स की तरफ जाता है इनडाइरेक्ट टैक्स की तरफ क्यों उतना ध्यान नहीं जाता । हमारे वित्त मंत्री ने भी कहा है कि हिन्दुस्तान जैसे देश में हमारा काम केवल डाइरेक्ट टैक्स से ही नहीं चल सकता, हमको बार बार इनडाइरेक्ट टैक्स की तरफ जाना पड़ जाता है । हिन्दुस्तान के वित्त मंत्री को यह प्रेरणा क्यों होती है ? इसका कारण यह है कि वह सोचते हैं कि अगर एक एक आदमी पर भी एक एक पैसा का इनडाइरेक्ट टैक्स लगा दिया जायगा तो करोड़ों रुपया सरकार के खजाने में आ जायेगा । अगर नमक पर एक पैसा प्रति मन भी टैक्स बढ़ा दिया जाय तो करोड़ों रुपया जमा हो सकता है । इसीलिये मालूम होता है कि वित्त मंत्री को यह टेम्पटेशन होता है कि वोकल जनता पर डाइरेक्ट टैक्स न लगा कर वे आम जनता पर इनडाइरेक्ट टैक्स लगा देते हैं और इस तरह से सरकार की आमदनी बढ़ाने का प्रयत्न करते हैं । मैं उन लोगों में से हूं कि जो देश की उन्नति के लिये ज्यादा से ज्यादा त्याग करने के लिये तयार हैं, हम अपने खर्च में अधिक से अधिक कमी करने के लिये तयार हैं । हमारे वित्त मंत्री ने कल कहा कि हमको अपने कपड़े के खर्च में कमी करनी चाहिये । यद्यपि हमारे देश में गरीब आदमी बहुत कम कपड़ा खर्च करता है लेकिन फिर भी यदि देश की यह मांग हो तो हम दस गज के बजाय आठ गज खर्च करने के लिये तैयार हैं । लेकिन साथ ही साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि टैक्स लगाने में सामाजिक न्याय की तरफ सरकार का ध्यान अवश्य रहना चाहिये । केल्डर साहब ने कहा है कि जब जब यह सवाल आता है कि डाइरेक्ट टैक्स बढ़ाना चाहिये तब तब यह दलील दी जाती है कि ऐसा करने से लोगों को उत्पादन बढ़ाने की और बचत करने की प्रवृत्ति नहीं रहेगी और अगर ऐसा होगा तो देश के अन्दर पैसा नहीं बच सकेगा । यह कहा जाता है कि अगर आप जो रुपया बचाने वाले लोग हैं उन पर ज्यादा टैक्स लगायेंगे तो वे सोना खरीद कर जमीन में गाड़ देंगे या अपने घरों में रख लेंगे और नतीजा यह होगा कि इन्वेस्टमेंट (विनियोग) के लिये रुपया नहीं मिलेगा । इसलिये बार बार इनडाइरेक्ट टैक्स से आमदनी बढ़ाने का प्रयत्न किया जाता है । हमारे वित्त मंत्री भी पूंजीवाद वातावरण में पले हैं और जो हमारी योजना बनती है वह भी उन देशों की योजनाओं के आधार पर बनती हैं जहां पर पूंजीवाद जारी है । यदि यही नीति जारी रही तो इस योजना के होते हुये भी आम जनता पर टैक्स का भार हलका नहीं हो सकेगा ।

मैं अपने वित्त मंत्री से कहना चाहता हूं कि जो उन्होंने ४८०० करोड़ का लक्ष्य रखा है उस पर दृढ़ रहें और जिस तरह से हो उसको पूरा करने का प्रयत्न करें । लेकिन जहां पर रुपया इकट्ठा है उसको वहां से पहले लें, फिर जनता से अपील करें तो मेरा विश्वास है कि जनता उस मांग को सहर्ष पूरा करेगी, अपने अन्न के खर्च में कमी करेगी, कपड़े में कमी करेगी और योजना के लक्ष्य को पूरा करने में सरकार को सहायता देगी । मैं समझता हूं कि यदि यह नीति बरती गई तो देश का एक एक आदमी इस आशा में कि भविष्य में उस के बच्चे सुख से रह सकेंगे हर प्रकार का त्याग करने को तैयार हो जायेगा । लेकिन एक बात मैं और कहना चाहता हूं ।

मैं यह कहना चाहता हूं कि यह ठीक है कि किसी भी योजना को सफल बनाने के लिये जनता में उस के लिये अनुकूल मनोवृत्ति होनी चाहिये और मैं जैसा कि और अन्य लोग समझते हैं और कहा है, मैं मानता हूं कि लोगों में कोआपरेशन और सहयोग करने का अभाव आ गया है । यह ठीक है कि सहयोग देने का भाव हमारी जनता में बराबर मौजूद है लेकिन जो मान-

[श्री श्री नारायण दास]

सिक वातावरण देश के अन्दर होना चाहिये कि अगर हम उसके लिये उद्योग करेंगे, उसमें हम मेहनत करेंगे और इस प्लान से जो धन उत्पन्न होने वाला है उसका अधिक से अधिक हिस्सा हम लोगों के पास आयेगा, यह विश्वास अगर लोगों में हो जाय तो वित्त मंत्री महोदय ने जो जनता से अपील की है कि वे अन्न और कपड़े का व्यवहार कम करें, उसको मानने को देशवासी तैयार हो जायेंगे ।

बैंक मिशन की रिपोर्ट से मालूम होता है कि उन्होंने समझ लिया है कि डाइरेक्ट टैक्सेशन (प्रत्यक्ष कराधान) से लोगों में इंसैंटिव नहीं रहेगा और उन्होंने इनडाइरेक्ट टैक्सेशन पर जोर दिया है और यदि डाइरेक्ट टैक्सेशन की तरफ आप बढ़ें तो आपका सारा प्लान चौपट हो जायेगा ।

उपाध्यक्ष-महोदय, मैं इस प्लान का हृदय से समर्थन करता हूं लेकिन उस प्लान को लागू करने में दृष्टिकोण का भी अन्तर है । हमारा दृष्टिकोण ऐसा होना चाहिये कि जिससे इस देश की जनता को उस उत्पादन से अधिक से अधिक लाभ पहुंचे । मेरा विश्वास है कि योजना मंत्री या योजना कमीशन के मेम्बर्स जब फिर अगले वर्ष इस योजना पर विचार करने का वक्त आयेगा तो वे इस तरह का दृष्टिकोण अपनायेंगे और परिणामस्वरूप हमने जो लक्ष्य रखे हैं या जो हमने एलाटमेंट किया है उस एलाटमेंट में आवश्यक परिवर्तन कर देंगे । विशेषकर टैक्स प्रणाली में अगले साल के बजट में परिवर्तन करना चाहिए ताकि जो पैसा प्रथम पंचवर्षिक योजना के उत्पादन बढ़ने से इकट्ठा होगया है वह सब पैसा लेकर तब परोक्ष टैक्स में हमें जाना चाहिए ।

श्री विभूति मिश्र (सारन व चम्पारन) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने जो मुझे इस द्वितीय पंचवर्षीय योजना के सम्बन्ध में बोलने का अवसर दिया उसके लिये मैं आपको धन्यवाद देता हूं .....

Mr. Deputy-Speaker: I might put it to hon. Members that it is not needed that any hon. Member should thank the Chair for giving him any time. It is the hon. Member's own time. Rather they should appreciate the difficulties that the Chair experiences. There is much pressure. I have got about fifty names. They can very well realise that it would be possible only to accommodate about twelve, thirteen or, at the most, fifteen. The others will have to be disappointed. I am very sorry, but I cannot help it. Any other man also would do the same. So they need not thank me for the time given. But, rather, I should request them to excuse me if I have not given them time.

श्री राधे लाल व्यास (उज्जैन) : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे यह निवेदन करना है कि कुछ राज्य ऐसे हैं जहां से अभी तक कोई भी नहीं बोल पाया है .....

उपाध्यक्ष महोदय : उनको धीरज रखना चाहिये कि उनको बोलने का अवसर दिया जायेगा लेकिन यह जरूरी नहीं है कि वही पहले बोल पायें जो कि बोलने के लिये कहते हैं ।

Shri Nand Lal Sharma (Sikar): Is there any principle of distribution?

Mr. Deputy-Speaker: Yes, the Chair has always some principles, though the hon. Members may not follow them.

श्री विभूति मिश्र : उपाध्यक्ष महोदय, मैं चाहता हूं कि जब कि यह सरकार खास करके किसानों की सरकार है और यह सरकार ८० प्रति शत किसानों के वोटों के बल पर हुकूमत की कुर्सियों पर बैठी हुई है तो उससे यह अपेक्षा रखना स्वाभाविक है कि वह किसानों का विशेष ख्याल रखे और उनको आराम व सहूलियत पहुंचाये । आज हमारे देश के किसानों की दशा बड़ी शोचनीय है

और उनकी आर्थिक अवस्था बहुत खराब है ।

अभी थापर साहब और कृष्णप्पा साहब जो चीन का दौरा करके लौटे हैं उन लोगों ने बतलाया है कि वहां पर किसानों की आर्थिक अवस्था अच्छी है और वह इस कारण से अच्छी है कि जो वह उत्पादन करता है उसका उचित मूल्य उसे मिलता है और उसके खाद्य उत्पादन का उचित मूल्यांकन किया जाता है और उसको उसकी पैदावार के मुनासिब दाम मिलते हैं । यह बात साफ जाहिर है कि जब तक किसानों को उनकी पैदावार के उचित दाम नहीं मिलेंगे तब तक उनको अधिक पैदा करने का उत्साह पैदा नहीं होगा और देश में अन्न का उत्पादन नहीं बढ़ेगा । मैं चाहता हूं कि हमारी सरकार वास्तविकता का ध्यान रखे और उसके अनुसार काम करे । इसमें क्या अर्थ है कि एक ओर तो वह किसानों को अधिक अन्न उपजाने के लिये कहती है और दूसरी ओर उनके गल्ले के दाम कम कर देती है और गल्ले के दाम इसलिये कम करती है ताकि जो गल्ला पैदा नहीं करते हैं जो शहरों में रहते हैं, नोकरी पेशा लोग हैं उनकी सहूलियत के वास्ते हमारी सरकार ऐसा इंतजाम करती है । मेरा कहना यह है कि यह कांग्रेस सरकार आज इसलिये हुकूमत की कुर्सी पर विद्यमान है क्योंकि ८० प्रति शत किसानों का इसे समर्थन प्राप्त है और उनके वोटों पर कांग्रेस को बहुमत मिला और उसने अपनी सरकारें बनाई हैं और यहां संसद् में ही कांग्रेस के ३६४ आदमी हैं और इसलिये उसकी सरकार यहां पर कायम है और चंकि वह किसानों के वोटों पर यहां आई है और उनकी सरकार है इसलिये उसको यह देखना चाहिये कि किसानों के साथ न्याय हो और जो गल्ला और अनाज वे लोग पैदा करें उसका मुनासिब दाम उन्हें मिले ।

जहां तक किसानों को कर्जे देने का सवाल है चीन में यह हालत है कि कर्जे के लिये दरख्वास्त देने वाले को तीन दिन के अन्दर कर्जा मिल जाता है लेकिन हमारे यहां यह हालत है कि किसानों को जमीन में पानी देने के लिये खाद और अच्छे बीज खरीदने के लिये कर्जा चाहिये, वह उसके लिये इधर से उधर दौड़ता फिरता है और उसको कर्जा मिलने में ६, ६ महीने और साल साल भर लग जाता है । मैं आशा करता हूं कि हमारे नन्दा जी जो कि गांधी जी के स्थान गुजरात में रहते हैं, उनको किसानों की दयनीय अवस्था का भली भांति पता होगा, और मुझे विश्वास है कि वे इसकी समुचित व्यवस्था करेंगे किसानों को खेती बाड़ी करने के काम में शीघ्रता से लोन्स मिलें और कर्ज मिलने में उनको देरी न हो । हमारे थापर साहब और कृष्णप्पा साहब ने बतलाया था कि चीन में किसानों को तीन दिन के अन्दर कर्जा मिल जाता है ।

जहां तक किसानों के लिये सीलिंग (उच्चतम सीमा) फिक्स करने का सवाल है, मेरा कहना है कि यह सीलिंग केवल खेतिहरों के लिये ही न हो बल्कि सब वर्गों के लिये हो । रिपोर्ट में यह चीज लिखी गई है कि खेतिहरों पर सीलिंग करने से उनको तकलीफ होगी इसलिये मेरा ख्याल है कि सीलिंग अकेले उन्हीं के ऊपर न हो बल्कि सब के साथ हो । गांधी जी नाम की एक किताब निकली है जिसमें गांधी जी को गरीबों और दलितों का रक्षक बताया गया है और यह जो सरकार है यह गांधी जी की अनुयायी है और उनके कदमों पर चलने वाली है और दूसरे गांधी जी ने संघर्ष करके अपने ढंग से हिन्दुस्तान को स्वराज्य दिलाया, तो इस सरकार का फर्ज हो जाता है कि वह गरीबों का विशेष ख्याल रखे और आज जो अमीरी और गरीबी का बड़ा अन्तर मौजूद है इसको कम करने की कोशिश करे । मैं समझता हूं कि देश को आत्मसंयमी और सादगी का जीवन बिताने के लिये और खर्चीलेपन को रोकने के लिये पार्लियामेंट के सदस्यों, विधान मण्डलों के सदस्यों और केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और राज्यों के मंत्रियों को आदर्श उपस्थित

[श्री विभूति मिश्र]

करना चाहिये और देशवासियों से जो हम कम कपड़ा पहनने की अपील करते हैं, और उसके लिये प्राइम मिनिस्टर से लेकर साधारण सरकारी चपरासी तक को इस विषय में पहले आदर्श पेश करना चाहिये और उनको १५ गज कपड़े का जो पर कैप्टिा एवैज है उसका उन्हें पालन करना चाहिये। अगर हम ऐसा नहीं करते तो हम अपने को सच्चे अर्थों में गांधीवादी साबित नहीं कर सकते। आज जब मैं गांधी जी का नाम लेता हूं तो बहुत से भाई हंसते हैं लेकिन मैं उन से पूछना चाहता हूं कि पांच, छः महीने बाद जब वे जनता के सामने वोट मांगने जायेंगे तब बिना गांधी जी का नाम लिये हुए जनता से उनको वोट नहीं मिलेंगे। इसके अलावा मैं आपको चेतावनी दे देना चाहता हूं कि गांधी जी का नाम ले कर आप जनता को ज्यादा दिन तक धोखे में नहीं रख सकते, आप उनका नाम ले कर अधिक दिन तक लोगों को बेवकूफ बना कर अपना उल्लू सीधा नहीं कर सकते और यह भी याद रखिये कि विनोबा जी और पंडित जवाहर लाल नेहरू सदा आपके बीच मे रहने वाले नहीं हैं और आगे चल कर कांग्रेस को खुद अपने पैरों पर खड़ा रहना होगा और तब जनता देखेगी कि कांग्रेस कहां तक महात्मा गांधी, विनोबा भावे और पंडित जवाहरलाल नेहरू के पदचिन्हों पर चलती है। अगर आप अब भी नहीं चेते तो यह कागज की नाव अधिक दिन तक चलने वाली नहीं है। और शीघ्र ही डूब जायेगी।

इस सेकिंड फाइव इयर प्लान के बारे में मुझे यह कहना है कि देश में हमें एक आर्थिक व्यवस्था कायम करनी है। अब आर्थिक व्यवस्था क्या हो .....

डा० सुरेशचन्द्र (औरंगाबाद) : वही आर्थिक व्यवस्था तो कायम करने की बात इस सेकिंड फाइव इयर प्लान में है।

श्री विभूति मिश्र : यह भी कोई आर्थिक व्यवस्था हुई जिसके कि अन्दर बड़े बड़े पूंजीपति बने रहते हैं।

उपाध्यक्ष-महोदय : माननीय सदस्य का वक्त बड़ी तेजी से जा रहा है, इसलिये वे किसी बहस में न पड़कर जो कुछ सुझाव देने हों दे दें।

श्री विभूति मिश्र : दूसरी बात मुझे यह कहना है कि हमारे बिहार में जो गंडक प्राजेक्ट (परियोजना) है और जिसके बारे में हमारे प्लानिंग मिनिस्टर (योजना मंत्री) साहब अच्छी तरह परिचित हैं और जिसके लिये हम वर्षों से प्रार्थना करते आये हैं अभी तक पूरा नहीं हुआ है और हमें यह भी नहीं मालूम है कि वह कब तक पूरा होगा। यह जो आश्वासन दे दिया गया है कि गंडक प्राजेक्ट पूरा होगा लेकिन यह पता नहीं है कि कब तक पूरा होगा। मैं समझता हूं कि हमारे बिहार की जो फड प्राबलम (खाद्य समस्या) है, और जो फूड में डैफिसिट है वह इस गंडक प्राजेक्ट से पूरी हो जायेगी लेकिन यह नहीं बताया गया है कि वह प्राजेक्ट कब आयेगा। उससे हमारे चम्पारन, मुज्जफरपुर, दरभंगा, सारन और नेपाल की फूड प्राब्लम सौल्व हो जायेगी और मेरी प्रार्थना है कि हमारे इस गंडक प्राजेक्ट को जल्दी से जल्दी अमल में लाया जाय।

हम देखते हैं कि बंगाल जहां की आबादी हमारी अपेक्षा बहुत कम है वहां पर कई एक प्राजेक्ट चालू हो गये हैं, उदाहरणार्थ डी० वी० सी० हो गया है और बहुत से उनके प्राजेक्ट्स हो गये हैं जब कि हमारे बिहार में केवल एक कोसी प्राजेक्ट पर काम हो रहा है और कोसी प्राजेक्ट कोई बड़ा प्राजेक्ट नहीं है। उस पर ३०, ४० करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं ताकि पानी को बांधा जा सके और गांव न बहने पाये। वह कोई ऐसा प्राजेक्ट नहीं है जिससे कोई खास उन्नति होवे

वाली हो । यह वास्तव में बड़े दुःख और खेद की बात है कि जहां के राष्ट्रपति हों, हमारे श्री सत्यनारायण सिंह जी हों, वहां अभी तक यह गंडक प्राजेक्ट पूरा न हो पाये । इस गंडक प्राजेक्ट के बगैर हम बिहार वाले जिन्दा नहीं रह सकते और जितनी जल्दी हो इसको किया जाये क्योंकि आज पानी के अभाव में हमारी धान की फसल मर जाती है । मैं विश्वास करता हूं कि हमारे प्लानिंग मिनिस्टर महोदय इस गंडक प्राजेक्ट को अविलम्ब लागू करने की कृपा करेंगे । मैं नन्दा जी से कहूंगा कि कुछ भी हो गंडक प्राजेक्ट को तो कम से कम शुरू ही किया जाय ।

इसके बाद मुझे यह कहना है कि जितने भी आप के प्राजेक्ट्स हैं उन के अलावा आप मवेशियों की हालत भी देखिये । आप प्लैनिंग कर रहे हैं, लेकिन देहातों मे मवेशियों की हालत क्या है ? आप ने सारे के सारे गांवों की जमीन का फूड प्राब्लेम की वजह से तोड़ दी । लेकिन मवेशियों के लिये चारा कहां से आयेगा, इस के लिये आप क्या इन्तजाम करने वाले हैं ? मैं अपने प्लैनिंग मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं, उन से ही क्या सारे मिनिस्टरों से कहना चाहता हूं कि आप कम से कम एक ऐसा कार्यक्रम बनाइये कि साल में, दस पन्द्रह या बीस दिन तक गांधी जी की तरह से गांवों में पैदल यात्रा कीजिये और देखिये कि वहां पर जो झोंपड़े हैं वह पहले कितने थे और अब कितने हैं, उन झोंपड़ों के साथ पहले कितनी जमीन थी और आज उन की हालत क्या है, उन के पास कितनी जमीन है । आप फैक्ट्स को देखिये । मान लीजिये, मैं ने यहां पर एक सवाल किया, वह सवाल वहां के डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के पास जायेगा, उस ने उस का जवाब बना दिया और उसी को आप ने यहां पर दोहरा दिया और सप्लिमेंटरी (अनुपूरक) सवालों का जवाब भी उसी तरह से दे दिया । लेकिन वास्तविक बात क्या है, देश की हालत क्या है, यह आप को पता नहीं चलता है । कितनी बड़ी प्लैनिंग का काम आप ने किया है, सारी दुनिया में इस की चर्चा है, जब भी कोई विदेशी आता है तो वह इस रिपोर्ट को पढ़ता है । मैं आप को क्या सुनाऊं । मेरे दोस्त पंडित ध्रुवनारायण त्रिपाठी जी थे । जब उन को मालूम हो जाता था कि पंडित प्रजापति मिश्र, जो कि बिहार में चम्पारन जिले के आर्गेनाइजर थे, आने वाले हैं तो वह छः सात मील के अन्दर सारी सफाई करवा कर दिखला देते थे, और सुन्दर आदर्श काम करते थे वैसे ही आज काम होना चाहिये । अब हमारे प्रधान मंत्री जी भी आ गये हैं, मैं उन से भी प्रार्थना करूंगा कि साल में कम से कम पन्द्रह दिन तक वह गांवों में पैदल घूमे गांधी जी की तरह से । तब उनको पता चलेगा कि गांवों की हालत क्या है, क्योंकि आप के सिवा और कोई नहीं है जो देश में घूम सके और देश के साथ हमदर्दी रक्खे, जो गांवों के दुःख दर्द को जाने ।

आपने कहा कि १८ पर सेंट आप का फूड बढ़ गया, देश की आमदनी बढ़ गई । मैं कहता हूं कि आप हमारे साथ गांव में चलिये, वहां के लोगों को देखिये कि वास्तव में उन की आमदनी बढ़ी है या नहीं । हो सकता है कि कुछ आदमियों की गरीबी दूर हो गई हो, लेकिन गांवों में आदमी आज भी वैसे के वैसे ही गरीब हैं जैसे पहले थे । उन की हालत मे सुधार कैसे होगा ? अभी श्री श्रीनारायण दास जी ने कहा कि स्कूलों की फीस माफ कर दी गई । फीस तो माफ कर दी गई, लेकिन गांवों में आप जा कर देखिये कि हर महीने किसी न किसी तरह के इम्तहान की फीस ली जाती है, ४ आना, ६ आना, हर महीने लिया जाता है । बहुत से लड़के ऐसे होते हैं जो कि यह फीस भी नहीं दे सकते हैं । तो एक तरफ तो फीस माफ

[श्री विभूति मिश्र]

कर दी गई, और दूसरी तरफ इस तरह से फीस ले ली जाती है । आप चल कर देखिये कि जो विद्यार्थी फीस नहीं दे सकते हैं, उन में से कितने निःशुल्क पढ़ते हैं । जब आप प्लैनिंग कर रहे हैं तो आप को इस बात को जानना चाहिये, वास्तविकता को देखना चाहिये । आप जो काम कर रहे हैं उन को जा कर टेस्ट कीजिये । जब आप प्रोग्राम बना कर जायेंगे तो आप के साथ बड़े बड़े अफसर जायेंगे, दूसरे दूसरे बड़े बड़े लोग जायेंगे और बेचारे गांव वाले आप तक पहुंच नहीं पायेंगे । बहुत से लोग अगर पहुंच भी जायेंगे तो अफसरों के डर की वजह से अपने दिल की बात नहीं कहेंगे । इस लिये जब आप गांवों में जाये तो एक दम से पहुंच जाइय, सर्प्राइज (अचानक) विजिट कीजिये । तब आप को पता चलेगा कि गांवों की क्या परिस्थिति है और वास्तव में गांवों की गरीबी दूर हुई या नहीं ।

अब मैं आप को सीलिंग के बारे में कुछ बतलाना चाहता हूं । जो पेनल की रिपोर्ट है, उस में बताया गया है कि १६ फी सदी आदमियों के पास सब से ज्यादा जमीन है । जो ज्यादा जमीन रखने वाले हैं उन की जमीन का बटवारा न हो, मैं उस के खिलाफ हूं । जमीन का बटवारा हो, सीलिंग हो, तो जो बड़े बड़े पूंजीपति हैं, उन की आमदनी का भी बटवारा हो । लोग कहते हैं कि हम सर्विस की बात कहते हैं । मैं तो कहता हूं कि जो कुछ आप को करना है, वह सब के ऊपर कीजिये । मैं नहीं समझता कि दो, तीन और चार हजार रुपये पाने वाले कोई चार आंखें रखते हैं । जो ज्यादा तन्ख्वाह पाते हैं वह कम तन्ख्वाह पाने वाले से ज्यादा सेवक समझे जायेंगे । सेवक तो वही है जो कम पैसा लेकर गरीबी से गुजर कर के देश को आगे बढ़ाये । जब लोग गरीबी का बाना ले कर, गरीबी की साधना ले कर देश को आगे बढ़ावेंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा । अगर हम गरीबी का बाना नहीं लेंगे, गरीबी हमारा सिद्धान्त नहीं रहेगा तो देश आगे नहीं बढ़ेगा । आज बहुत से आदमी हैं जो कि दिन भर मोटरों पर घूमते रहते हैं । बाहर से तेल आता है, एक्स्चेंज में हमारा पैसा जाता है, नोट तो जायेंगा नहीं, हमारा सामान जाता है । हमें सोचना चाहिये कि हम कम से कम खर्च करें, कम से कम पैट्रोल कंज्यूम (की खपत) करें और हो सके तो पैदल चलें, ताकि देश का पैसा बचे और देश आगे बढ़े । एक आदमी की कोशिश करने से कुछ नहीं होता है, जब सब आदमी ताकत लगाते हैं तभी देश ऊंचा उठ सकता है । इस लिये मैं बहुत अधिक समय न ले कर, यही कहूंगा कि प्राइस सपोर्ट पालिसी होनी चाहिये, किसानों को सहूलियत मिलनी चाहियें, उस की उपज की पूरी कीमत उस को मिलनी चाहिये । अगर देश में सीलिंग हो तो जमीन के साथ साथ दूससी चीजों की सीलिंग भी होनी चाहिये । जो बड़े बड़े पैसे वाले हैं, पूंजीपति हैं, उन की आमदनी की भी सीलिंग होनी चाहिये । किसान को लोन दिया जाय तो ठीक समय से दिया जाय ।

श्री टंडन (जिला इलाहाबाद–पश्चिम): उपाध्यक्ष महोदय, हमारे सामने आज जो विषय है वह बहुत रोचक है । हमारे देश के भविष्य से उस का गहरा सम्बन्ध है, इस लिये हमारे सहयोगियों ने जो अपने हृदय की भावनायें सामने रक्खी हैं, वह बहुत गहरी दृष्टि से विचार के योग्य हैं । मैं ने जो बातें यहां सुनी हैं, उन में से बहुतों में मुझे गहरा तथ्य और सत्य दिखाई देता है । जो बातें कही गई हैं, मैं उन को दोहराना नहीं चाहता । सम्भव है उन में से एक आध पर एक विशेष दृष्टिकोण से थोड़ा ध्यान दिला दूं । परन्तु कुछ दूसरी बातों के ऊपर मंत्री जी का ध्यान खींचना चाहूंगा ।

इस आयोजन में अपने देश की आय बढ़ाने पर अवश्य ही विशेष ध्यान दिया

गया है । आयोजकों को यह सन्तोष है कि पहली योजना में उन को इतनी सफलता मिली कि हमारे देश की आय बढ़ गई । देश की आय में १८ प्रतिशत और प्रत्येक मनुष्य की आय में ११ प्रतिशत की वृद्धि हो गई । परन्तु जैसा बहुतों ने कहा इस वृद्धि से यह परिणाम तो नहीं निकलता कि एक एक आदमी की आय में वृद्धि हुई है । स्पष्ट है कि गरीबी ज्यों को त्यों रह सकती है और कुछ लोगों की आय बढ़ सकती है । मैं आप के कार्यक्रम में मुख्यतः यह देखता हूं कि आय की ओर तो ध्यान है, पर देश के देहातों की दरिद्रता दूर हो यह प्रश्न बहुत गौण है, मुख्य नहीं है । सीधे देहातों की दरिद्रता के ऊपर आप का आक्रमण नहीं है । आप को विश्वास है कि जब हम बहुत से औद्योगिक धन्धे खड़े कर देंगे, अंग्रेजी शब्द में जिस को आप ने इंडस्ट्रियलाइजेशन (औद्योगीकरण) कहा है, तब आप से आप गांवों की बस्तियों के लोग खिंच कर औद्योगिक धन्धों की ओर आयेंगे । और इस रीति से गांवों में जो पृथ्वी पर बोझ है वह घट जायगा और कुछ हालत अच्छी होगी । आपका अधिक से अधिक ध्यान बस इस ओर है कि आप बढ़ें और इंडस्ट्रियालाइजेशन हो ।

४ म० प०

आपने नाम तो कुछ सुधारों का लिया है परन्तु योजना आयोग द्वारा निर्मित योजन से यह नहीं लगता कि आपका विशेष ध्यान सामाजिक सुधारों के ऊपर है । समाज कुछ ऊंचा हो, समाज में जो गहरी बुराइयां व्याप्त हैं उनको हम पकड़ें और कस कर पकड़ें और उनको दूर करें, इधर मुझे लगता है आपका ध्यान नहीं के बराबर गया है । मुझे बहुत लम्बा भाषण तो नहीं करना है । मैं दो एक उदाहरण आपके सम्मुख प्रस्तुत करना चाहता हूं । जगह जगह हमारे देश में खुली रीति स वेश्यावृत्ति चल रही है । इस भवन में उसके सम्बन्ध में पहले भी चर्चा हो चुकी है । आपने इस सारी योजना में कहीं वेश्यावृत्ति को दूर करने के लिये कुछ नहीं सोचा है । कम से कम मुझे तो कहीं भी दो चार शब्द भी इस सम्बन्ध में देखने को नहीं मिले । मैं ने बहुत उत्सुकता से देखा कि क्या आयोजकों का ध्यान इधर गया है या नहीं । सोशल वैलफेयर (सामाजिक कल्याण) का जो अध्याय है उसको भी जब मैंने पढ़ा तो भी ऐसा ही लगा कि उधर ध्यान ही नहीं गया है । आपने इस योजना में बहुत सी अच्छी अच्छी बातें लिखी हैं परन्तु मुझे तो यह देखना है कि आप क्या कर पाते हैं । केवल कागदों के ऊपर मान-चित्र खींचना, आकर्षक शब्दों में आगे का चित्र बनाना, यह तो अच्छा ही है, परन्तु उस चित्र को व्यवहार में बदलना, यह मुख्य काम हमारे सामने है । केवल कह देने से कोई काम नहीं हो जाता है ।

यह वेश्यावृत्ति जो इतनी फैली हुई है उसको समाप्त करने के लिये आपने क्या किया है और क्या योजना बनायी है ? जब मैं कांग्रेस का सभापति था तब उस समय अपने भाषण में मैं ने इस बात पर बल दिया था कि यह वेश्यावृत्ति हमारे पुरुषत्व के ऊपर कलंक है । हर एक पुरुष जानता है और देखता है कि नारियां अपने शरीर को कुछ कौड़ियों के लिये बेचती हैं । इससे अधिक हमारे लिये क्या कालिख हो सकती है । मैं आशा करता हूं कि आपका ध्यान जल्दी से जल्दी उधर जायगा और कुछ करोड़ रुपये इस वेश्यावृत्ति को समाप्त करने में आप लगा देंगे । चीन की बात बार बार कई प्रसंगों में हमारे सामने आई है । हमारे कुछ भाई वहां गये और उन्होंने एक आध पुस्तक भी लिखी है । मेरे सामने यह बात आई है कि चीन में उन्होंने उद्योग कर इस वेश्यावृत्ति को लगभग बिल्कुल उड़ा दिया है । क्या हमारे लिये ऐसा करना सम्भव नहीं है ? यह ऐसा विषय है कि इसमें यदि आप सफलता प्राप्त करें तो बड़ा ठहराउ

[श्री टंडन]

लाभ देश को होगा। चारों ओर से हमारा नैतिक स्तर ऊंचा होगा क्योंकि उसका और बातों पर भी गहरा असर पड़ेगा।

इसी तरह से मदिरापान का विषय है जिस के बारे में भी इस भवन में बार बार चर्चा हुई है। दृढ़ता के साथ इसको समाप्त करने की आवश्यकता है। देश भर में जब हम सब जानते हैं कि इससे हानि ही हानि होती है और आज तक किसी ने नहीं कहा कि मदिरापान से किसी प्रकार का लाभ होता है, उससे पैसे की बरबादी और स्वास्थ्य की हानि होती है तो कोई कारण नहीं है कि क्यों न आप कस करके इसको बन्द करें और जो पीने वाले हैं उनकी ओर कोमलता प्रदर्शित न करें।

सामाजिक सुधारों के सम्बन्ध में एक तीसरी बात जो मेरे सामने आती है वह मिखमंगों की समस्या है। यह प्रश्न बार बार विचारकों के सामने आया है परन्तु इसको बन्द करने का अभी हमने कोई गहन प्रयत्न नहीं किया है। कहीं कहीं कुछ प्रदेशों में यह प्रश्न उठाया गया है पर करेपन के साथ हम इसके पीछे नहीं पड़े है। इस ओर भी हमारा ध्यान जाना चाहिये।

इनसे मिला हुआ प्रश्न समाज सुधार के विषय में भ्रष्टाचार का है। हम सब स्वीकार करते हैं कि यह रोग व्यापारियों में घुसा हुआ है, वकीलों में घुसा हुआ है, इंजीनियरों में घुसा हुआ है, पठित समाज में घुसा हुआ है। चारों ओर जिधर भी हम देखते हैं भ्रष्टाचार देखते हैं। परन्तु ऐसा जान पड़ता है कि आप बहुत कस कर अपनी शक्ति इस ओर लगा नहीं रहे हैं। मैं जानता हूं इन प्रश्नों को हल करने में समय लगता है और वे पुरुषार्थ की मांग करते हैं। काम तो तभी होगा जब आप कुछ लगन के साथ, धुन के साथ, इनके पीछे पड़ेंगे।

मैं माननीय मंत्री जी से अब ग्रामों के सम्बन्ध में कुछ विशेष रीति से कहना चाहता हूं। आप और हम सब जानते हैं कि हमारा देश मुख्य करके ग्रामों में बसता है। ७० प्रतिशत से अधिक जनसंख्या ग्रामों में ही रहती है। परन्तु इस योजना में, मेरा निवेदन है, आपने उनकी ओर कितना ध्यान दिया है, यह विचार की बात है। मेरा कहना है कि आंशिक रूप से ही और बहुत ही कम आपका ध्यान उधर गया है। इस योजना में जितना पुरुषार्थ है, जितना सामर्थ्य है, उसका बहुत अधिक लाभ नगरों को, नगर-वासियों को और नगरों में पढ़े लिखे लोगों को ही मिलेगा। इसको देखकर आश्चर्य होता है। १८ प्रतिशत की आय की जो बढ़ती दिखाई गयी है उसका बड़ा हिस्सा तो इन्हीं लोगों में रह गया है। ग्रामों को दरिद्र जनता के पास उसका जो अंश पहुंचता है वह नहीं के बराबर है।

एक माननीय सदस्य : कम्यूनिटी प्राजेक्ट्स (सामुदायिक परियोजनायें) चल रहे हैं।

श्री टंडन : पीछे से कम्यूनिटी प्राजेक्ट्स की आवाज आई है। उस के बारे में मेरा कहना यह है कि ग्रामवासियों की जेब में उस का पैसा नहीं के बराबर पहुंचता है। ये सब काल्पनिक बातें हैं—कागद के घोड़े दौड़ते हैं। जरा गांवों में जाइये और वहां के स्त्री पुरुषों को देखिये।

श्रीमती शिवराजवती नेहरू (जिला लखनऊ —मध्य) : चाय पीनी बन्द होनी चाहिये।

श्री टंडन : हमारी देवी जी चाय की विरोधिनी हैं—वह चाय पीना बन्द कर देना चाहती हैं। अच्छा हो कि वह आपस में इस बात को चलायें। इस समय मैं सुधार की एक एक बात को कहां तक ले सकता हूं?

इस समय मेरा निवेदन गांवों के बारे में है। इस योजना के अन्तर्गत आप ने ४८ अरब रुपयों के व्यय करने का रास्ता बनाया है। क्या आपने कभी हिसाब लगाया है कि कितना गांवों पर व्यय किया जा रहा है और कितना नगरों पर ? इस योजना से गांव वालों को कितना लाभ होगा। मैं कहता हूं कि बहुत थोड़ा ?

चौ० रणबीर सिंह (रोहतक) : १७०० करोड़ रुपये।

श्री टंडन : मैं नहीं जानता कि माननीय सदस्य ने कहां से यह संख्या निकाली है। मेरे लिये तो यह असम्भव था कि मैं इस में से इसका हिसाब कर सकूं और मेरा अनुमान है कि शायद हमारे मंत्रीगण ने भी नहीं किया है और शायद वे मुझ को कुछ बता नहीं सकेंगे। लेकिन एक अध्याय मेरे सामने है—जो कि उदाहरण के रूप में है। मेरे सामने अध्याय २६ है, जिस का शीर्षक है "हाउसिंग"। इस का अर्थ है गृह-निर्माण। इस में कुल १२० करोड़ रुपया व्यय के लिये रखा गया है। माननीय मंत्री जी इस को सामने रख लें। और देखें। उन को तो एक एक बात याद होगी। इस में दस करोड़ रुपया गांवों में मकान बनाने के लिये रखा गया है, इस पर मुझे थोड़ा सा सन्तोष है। जब मैं पहले एक बार इस विषय में बोला था तब केवल पांच करोड़ ही था। अब दस करोड़ रुपया रख दिया गया है।

योजना तथा सिंचाई और विद्युत मंत्री (**श्री नन्दा**) : चालीस करोड़।

श्री व्यास० नं० मिश्र : और मिनिस्ट्रीज में है, कम्यूनिटी प्राजेक्ट्स में है।

श्री टंडन : मेरे सामने १२० करोड़ रुपये का व्यय है और उस में से दस करोड़ गांवों में घर बनाने के लिये है। सब्सीडाइज्ड इंडस्ट्रियल हाउसिंग के लिये ४५ करोड़, लो इनकम ग्रुप हाउसिंग के लिये ४० करोड़, स्लम-क्लीयरेंस और स्वीपर्ज हाउसिंग के लिये २० करोड़ और मिडिल इनकम ग्रुप हाउसिंग के लिये ३ करोड़ रखे गये हैं।

उपाध्यक्ष-महोदय : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो गया है।

श्री टंडन : आप मुझे बता दें कि आप कितने मिनिट मुझे देंगे, ताकि मैं उसी हिसाब से अपनी बात कहूं।

उपाध्यक्ष-महोदय : मुझे बहुत दुख है कि मुझे ऐसा कहना पड़ा है। माननीय सस्दय दो तीन मिनट और लें लें।

श्री टंडन : बहुत अच्छा।

अन्त में प्लान्टेशन हाउसिंग के लिये दो करोड़ रखा गया है। वे प्रायः देहात में होते हैं। मैं अनुमान कर सकता हूं कि यह व्यय देहात का होगा। इस का मतलब है कि दस करोड़ और दो करोड़—बारह करोड़ देहात के लिये है। १२० करोड़ रुपये में से १२ करोड़ रुपये अर्थात् कुल राशि का दस प्रतिशत गांवों के लिये रखा गया है। देखिये कि ७० प्रतिशत लोग गांव में रहते हैं, लेकिन मकान बनाने के व्यय में आप केवल दस प्रतिशत उन को दे रहे हैं। यह मैं उदाहरण दे रहा हूं। लगभग यही हिसाब बहुत कुछ इस योजना भर में है। कई जगह शायद इससे भी कम पड़ेगा। मेरा कथन यह है कि गांवों की ओर आपका अधिक ध्यान होना चाहिये। आप को नये गांवों का निर्माण करना उचित है। वे गांव कैसे हों ? मेरे एक भाई ने मुझ से कहा कि गांव का जीवन नारकिय है। ये उन के शब्द थे। जहां जाइये, गन्दगी दिखाई पड़ती है। रहने के योग्य घर बहुत कम हैं। अभी एक भाई ने उस रिपोर्ट का हवाला दिया, जो खाद्य सचिवालय के सचिव ने चीन से लौट कर दी है। उन्होंने बहुत ब्यौरे के साथ अपनी रिपोर्ट दी है। वह रोचक लगी। उस की बहुत सी बातों में मैं इस समय नहीं जा सकता। उन्होंने कहा है कि चीन में सब से बड़ी बात यह है कि वहां मनुष्य के मलमूत्र

[श्री टंडन]

का प्रयोग बड़ी अच्छी तरह किया जाता है, जिस के कारण वहां पैदावार हमारे यहां से अधिक है । हमारे देश में एकड़ के पीछे जितनी पैदावार होती है, उससे कहीं अधिक पैदावार वहां होती है । मैं ने इस सम्बन्ध में पहले भी कई बार कहा है और एक तरकीब भी प्रस्तुत की है कि गांव में हर एक घर के साथ आध आध एकड़ भूमि रखी जाय । एक घर में चार पांच मनुष्यों का एक कुटुम्ब होता है । वह घर एक वाटिका की तरह से हो । उस का नाम मैंने वाटिका गृह योजना रखा है । अगर इस प्रकार भूमि दी जाय, तो मेरा विश्वास है कि पैदावार आज की पैदावार से बहुत बढ़ सकती है । इस बात का यत्न करना चाहिये कि सब मल-मूत्र उसी भूमि में डाला जाय । रिपोर्ट के लेखकों ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया है कि हमारे देश में आज जो मल-मूत्र सम्बन्धी समस्या है, उस का हल करना इस लिये जटिल है कि हमारे यहां लोग मलमूत्र छने से बहुत घबराते हैं । चीनी, जापानी और बर्मी लोग उससे घबराते नहीं हैं । हमारे यहां वह सम्भव नहीं है । परन्तु अगर आप यहां पर हर एक घर के साथ आध आध एकड़ भूमि दें और सब मूल-मूत्र वहां पर डाला जाय—गड्ढे के नीचे रखा जाय, वह काम में आये और बरबाद न हो, तो पैदावार बहुत बढ़ सकती है । आज वह बरबाद हो रहा है । उस की रक्षा की जानी चाहिये ।

अब मैं शिक्षा के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं । इस योजना में शिक्षा की ओर ध्यान दिया गया है मगर बहुत थोड़ा । हाल में हमारे शिक्षा मंत्री ने कुछ बातों पर बहुत बल दिया है । प्रधान मंत्री जी ने भी यह कहा कि हम अंग्रेजी के माध्यम द्वारा ही वैज्ञानिक और औद्योगिक शिक्षण दे सकते हैं । यह बात मुझे बहुत खटकी । मैं उससे सहमत नहीं हूं । मैं इसे बिल्कुल गलत समझता हूं – प्रधानमंत्री जी ने कहा कि चीन में २० हजार इंजिनियर तैयार हो रहे हैं, रूस में ८० हजार इंजिनियर तैयार हो रहे हैं , हमारे यहां भी इंजिनियर तैयार होने चाहियें । उनसे नम्रतापूर्वक यह निवेदन करना चाहता हूं कि ये इंजिनियर बड़ी संख्या में इसलिये तैयार हो रहे हैं कि उनको अंग्रेजी द्वारा शिक्षण दिया जाता है । मुझे खेद है कि इस समय हमारे प्रधान मंत्री जी भवन से चले गये हैं । मैं कहना चाहता हूं कि उन देशों में इतनी तीव्रता से इंजिनियर इसलिये तैयार हो रहे हैं कि उनको उनकी अपनी भाषा में शिक्षण दिया जाता है । आप भी अपनी भाषा में प्रशिक्षण दीजिये फिर देखिये कि किस तीव्रता से यहां भी इंजीनियर तैयार होते हैं ।

यहां पर जो उस रोज शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन या तमाशा हुआ था उसमें हमारे शिक्षा मंत्री जी ने एक बड़ी अद्भुत बात कही । मैं उसे तमाशा इसलिये कहता हूं कि वहां पर कोई गहरा विचार नहीं किया गया, वहां पर कोई गहरा विचारक नहीं था । गहरा विचार किया था यूनीवर्सिटी कमीशन ने, गहरा विचार किया था सैकिंडरी इजूकेशन कमीशन ने । लेकिन उन्होंने जो विचार किया था उसको तो आज हमारा शिक्षा विभाग काम में नहीं ला रहा है । पर कुछ शिक्षा मंत्रियों को बुला कर उन पर दबाव डाल कर यह कहला लिया गया कि अंग्रेजी पढ़ाना आवश्यक है । हमारे शिक्षा मंत्री ने खुद कहा है कि हमारी यूनीवर्सिटीज में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी होना चाहिये । ये उनके शब्द हैं । हमारे प्रधान मंत्री जी ने भी उस सम्मेलन में बयान दिया था कि लेकिन उन्होंने जो पत्र दिनकर जी को लिखा है उसमें स्पष्ट है कर दिया है कि उन्होंने यह नहीं कहा था कि अंग्रेजी माध्यम हो । उन्होंने वह सफाई देकर ठीक ही किया । लेकिन हमारे शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब ने शिक्षा मंत्री सम्मेलन में कहा है, और यह उस रिपोर्ट में दर्ज है जो उनके विभाग ने

छपवाई है, कि विश्वविद्यालयों में माध्यम अंग्रेजी होना चाहिये । यह क्या है ? यह कोई अक्लमन्दी की बात है ? क्या उनको मालूम है कि आज महाराष्ट्र में, गुजरात में, और हिन्दी बोलने वाले प्रदेशों में मातृ-भाषा शिक्षा का माध्यम है । हमारे यहां उत्तर प्रदेश में लखनऊ यूनिवर्सिटी है, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी है, आगरा यूनिवर्सिटी है । इन तीनों को मैं जानता हूं । पूना यूनीवर्सिटी के बारे में मैं पढ़ चुका हूं, गुजरात यूनिवर्सिटी के बारे में पढ़ चुका हूं । यहां पर लोगों ने अपनी अपनी भाषा रखी है । और मैं अपने यहां इलाहाबाद और लखनऊ में बराबर देख रहा हूं कि चार पांच वर्ष से विश्वविद्यालयों में माध्यम हिन्दी है । बी० ए०, बी० एस० सी० में हिन्दी माध्यम से तड़ातड़ लड़के निकल रहे हैं । हमारे शिक्षामंत्री ने कहा कि अंग्रेजी को यकबार ही बदल देना तो अनुचित होगा । उनके भाषण की रिपोर्ट में शब्द "सडन" आया है । मुझे यह देख कर आश्चर्य हुआ । मालूम होता है कि उन्हें मालूम नहीं कि क्या हो रहा है । यूनीवर्सिटियों में चार पांच वर्षों से हिन्दी चल रही है और वह आज "सडन" शब्द का प्रयोग करते हैं । यह सडन कैसे होगा । हमें नया माध्यम आज नहीं करना है, बहुत यूनिवर्सिटियों में तो आज माध्यम हिन्दी है ही । क्या आप हिन्दी हटा कर फिर अंग्रेजी माध्यम बनाना चाहते हैं । यह हमारे शिक्षा मंत्री जी का ध्यान है ।

प्रधान मंत्री जी आ गये । मैं इसका स्वागत करता हूं । मैं उनकी ही बात कह रहा था । मैं आपकी आज्ञा से फिर उन शब्दों को दुहरा देना चाहता हूं ताकि वे सुन लें । हमारे प्रधानमंत्री जी ने शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में एक बयान दिया था लेकिन उसके बारे में उन्होंने जो पत्र दिनकर जी को लिखा है उसमें साफ कर दिया है कि उन्होंने यह नहीं कहा कि माध्यम अंग्रेजी हो । मैं इसको स्वीकार करता हूं । लेकिन उस सम्मेलन में हमारे शिक्षा मंत्री जी ने यह कहा है कि माध्यम अंग्रेजी होना चाहिये । मैं कहता हूं कि यहां अंग्रेजी को माध्यम बनाना बहुत अनुचित होगा । चार पांच वर्षों से माध्यम हिन्दी हो चुका है । इलाहाबाद यूनीवर्सिटी में, लखनऊ यूनीवर्सिटी में, आगरा यूनीवर्सिटी में बी० ए० तक के लिये हिन्दी माध्यम है । हां पोस्ट ग्रेजुएट कक्षाओं के लिये अवश्य अभी हिन्दी माध्यम निश्चित नहीं हुआ है । परन्तु ग्रेजुएट होने के लिये हिन्दी माध्यम निश्चित है । तो क्या यह जो बात चल चुकी है इसको आप पलट देंगे । मेरा कहना यह है कि हमारी अपनी भाषा के माध्यम द्वारा ही हमारा शिक्षण हो यह आवश्यक सिद्धान्त है ।

अब मैं अधिक समय नहीं लेना चाहता । मैं अपने मंत्री जी से यही निवेदन करना चाहता हूं कि आज जो ग्राम और नगरों का सम्बन्ध है उसकी ओर उनका ध्यान विशेष रूप से जाना चाहिये । उनको ग्रामों की दशा सुधारने का मुख्य रूप से निश्चय करना चाहिये । मैं इसको मुख्य बात मानता हूं । ग्रामों की दशा बहुत ही बुरी है । आप नये नये कुछ ग्राम बसाइये । हर जिले में एक, एक, दो दो, चार चार नमूने के गांव हों । आज आप देश में एक गांव भी नहीं बतला सकते कि जिसको आपने नमूने के तौर पर बसाया हो । आप हर जिले में दो दो, चार चार गांव नमूने के बसाइये । इसमें बहुत रुपये का व्यय नहीं है । इस प्रकार आप देश में एक नई शक्ति पैदा करेंगे, एक नई रूह फूकेंगे । आप देहातों के लिये केवल कागजी घोड़े न दौड़ाइये । यहां चीन का अक्सर उदाहरण दिया जाता है । मैंने चीन की रिपोर्ट पढ़ी है । चीन में कार्यकर्ताओं का देहात वालों से गहरा सम्पर्क है । यहां सम्पर्क नहीं है । हम यहां बैठ कर जो रिपोर्टें आती हैं उनसे देहात की उन्नति का अनुमान लगाते हैं । ऐसा न करके हमको देहातों की जनता से गहरा सम्पर्क स्थापित करना चाहिये । जो अच्छे आदमी हमको मिलें उनका हम उपयोग करें ताकि वे ग्रामों की दशा सुधारें,

[श्री टंडन]

और हम उनके साथ मिलकर स्वयं भी काम करें। मेरा यही निवेदन है।

श्री राघे लाल व्यास (उज्जैन) : उपाध्यक्ष महोदय, द्वितीय पंचवर्षीय योजना पर पिछले दिनों से काफी विवाद चल रहा है। प्रथम पंचवर्षीय योजना का एक खास उद्देश्य था और वह यह कि हमने जनता के सामने जो एक चित्र रखा था कि आजादी के बाद हम उसको किस प्रकार सुखी बनायेंगे, उसको पूरा किया जाये। इसी उद्देश्य से वह योजना चलायी गयी थी। यह सही है कि देश के जो महत्वपूर्ण मसले और आवश्यकतायें थीं उनकी ओर सब से पहले ध्यान दिया गया, जैसे सब से पहले अन्न का उत्पादन बढ़ाने की ओर ध्यान दिया गया, और कुछ दूसरे काम भी हुये। उनमें हमको काफी सफलता भी मिली और जनता में उत्साह भी बढ़ा इससे इन्कार नहीं किया जा सकता। जो काम हमने प्रथम पंचवर्षीय योजना के समय प्रारम्भ किया था उसको और आगे बढ़ाने के लिये यह दूसरी पंचवर्षीय योजना बनायी गयी है।

यह बहुत ही आकर्षक योजना है। इसके लिये खर्च भी काफी रखा गया है, अर्थात् ४८०० करोड़ रुपया। लेकिन हम जो रुपया खर्च करने जा रहे हैं उसका प्रबन्ध किस तरह से हो यह एक बहुत बड़ा प्रश्न योजना आयोग के सामने रहा है। इतने रुपये की व्यवस्था करना कोई आसान काम नहीं है। इसमें से २५ प्रतिशत रकम तो हमको अपने देश के अन्दर से ही कर्ज के द्वारा प्राप्त करनी है। २५ प्रतिशत की कमी पूरी करनी है डेफिसिट फाइनेंसिंग (नोट छाप कर वित्त की व्यवस्था करना) से। २५ प्रतिशत सहायता हमको बाहर से मिल जायेगी। फिर भी एक बहुत बड़ी कमी रह जाती है। तो इस तरह से हम एक बहुत बड़ी रकम खर्च करने जा रहे हैं। लेकिन हमको देखना यह होगा कि हम जो इतना रुपया खर्च कर रहे हैं उसका उतना नतीजा निलकता है या नहीं। यदि हम इस पर विचार करें और जांच पड़ताल करें तो हमें यह पता लगेगा कि बहुत सा रुपया तो निरर्थक रूप से ही खर्च हो जाया करता है जिसका कोई परिणाम नहीं निकलता। मैं उदाहरण के रूप में आपको बतलाऊं कि कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स (सामुदायिक परियोजनायें) और एन० ई० एस० ब्लाक्स (राष्ट्रीय विस्तार सेवा खंड) की योजना पर रुपया खर्च होता है। मैं अभी एक एन० ई० एस० ब्लाक में गया था। मैं ने देखा कि वहां पर एक अफसर चार महीने से है लेकिन उसके पास कोई काम नहीं था। वह वेटेरीनरी असिस्टेंट था। मैं ने पूछा कि इससे काम क्यों नहीं लिया जा रहा है तो कहा गया कि इसके लिये जो सामान लाना चाहिये वह अभी नहीं आया है। इस तरह की कई मिसालें आपको मिलेंगी कि रुपया खर्च हो रहा है लेकिन जिस उद्देश्य से वह रुपया खर्च हो रहा है वह उद्देश्य सिद्ध नहीं होता। अगर इस फिजूलखर्ची को रोका जाये तो मैं समझता हूं कि जो रुपया हमें प्राप्त करना है उसकी आवश्यकता ही न पड़े।

दूसरे यह देखना चाहिये कि जो रुपया हम खर्च करते हैं उसका पूरा परिणाम निकलना चाहिये। अभी पिछले दो सालों में प्रथम पंचवर्षीय योजना के अन्तिम सालों में यह देखा गया कि जितना हमें खर्च करना चाहिये था उतना हम खर्च नहीं कर पाये हैं। बहुत सा रुपया यह दिखाने के लिये कि अब हम खर्च कर रहे हैं कई कामों के लिये बेएहतियात तौर पर खर्च किया गया। कई कामों में इस तरीक़े से खर्च हुआ है कि यदि उसकी जांच की जाय तो हम इस परिणाम पर पहुंचेंगे कि उस रुपये के खर्चने में फ़िजूलखर्ची बहुत ज्यादा हुई है, इसलिये उसकी रोकथाम करना भी बहुत ज्यादा आवश्यक है।

एक तरफ तो हम यह मांग पाते हैं कि देश में खर्च में कमी होनी चाहिये लेकिन दूसरी तरफ जब हम देखते हैं कि हमारे हाथ में शासन होते हुये भी हमारे द्वारा जो कम खर्च होना चाहिये, वह कम खर्च नहीं होता है तो बड़ा दुःख होता है।

उपाध्यक्ष महोदय, जब हम देखते हैं कि राज्यों में हमारे मंत्रियों द्वारा मोटर खर्च के अलावा और मकान खर्च के अलावा बिजली खर्च तीन तीन सौ और चार चार सौ रुपया माहवार होता है तो हम सोचते हैं कि हम आम जनता के सामने क्या उदाहरण पेश करेंगे और ऐसी अवस्था में हम उनके सहयोग की क्या आशा रख सकते हैं।

हमारे देश में बहुत से काम हो रहे हैं। मेरा सुझाव योजना आयोग को यह है कि वह बहुत ही मंजे हुये, अध्ययनशील और सुलझी हुई तबियत के कुछ लोगों को राज्यों में अपनी तरफ से नियुक्त करे जिनका कि काम यह हो कि वे राज्यों के हिस्सों में दौरा करते रहें और यह देखते रहें कि जो खर्च हो रहा है वह ठीक तौर पर हो रहा है कि नहीं और कहीं पर अधिक खर्च या फिजूल-खर्ची तो नहीं की जा रही है और जो रुपया खर्च हो रहा है उसका नतीजा ठीक निकल रहा है या नहीं और रुपया बिना उद्देश्य के तो नहीं खर्च हो रहा है और यदि इस तरीके से काम किया गया तो मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि खर्च में कमी होगी और अधिक से अधिक रुपया इन कामों के लिये मिल सकेगा और बचत भी हो सकेगी।

आज कई जगहों पर हमारी आमदनी के सोत हैं। उनमें से बहुत कुछ व्यवस्थापक लोग अपनी जेबों में रख लेते हैं। उदाहरण के तौर पर मैं आपको बताऊ कि हमारी आमदनी का सब से बड़ा जरिया रेलवे है लेकिन आप रेलवे में सफर करें तो आप देखेंगे कि हमारे टी० टी० लोग हैं वे कभी कभी क्या अक्सर बिना टिकट सफर करने वालों से जो पैसा वसूलते हैं उस को अपनी जेब में डाल लेते हैं और उनको टिकट बना कर नहीं देते हैं और वैसे ही निकाल देते हैं या अगर टिकट देते हैं भी हैं तो थोड़ी दूर का देते हैं। मैं यह नहीं कहता कि सारे के सारे टी० टी० इस तरह की बेइमानी करते हैं, हो सकता है कि कुछ उनमें ईमानदारी से अपना काम करते हों लेकिन अक्सर वे इस तरह की हरकत करते हैं।

इसी तरह डी० टी० एस० की बकेज में भी मैं अपने जाती अनुभव पर बतलाना चाहता हूं कि मैं जब टिकट लेकर दरवाजे के करीब ही बैठ जाता हूं तो देखता हूं कि कई दफे यात्री जब बस से उतरते हैं तो कंडक्टर उनसे किराये के पैसे लेकर अपनी जेब में डाल लेते हैं और उनको टिकट नहीं देते हैं। अब अगर आप इसका हिसाब लगाइये तो आपको मालूम होंगा कि देश भर में कितनी स्टेट बस सर्विसेज हैं और इस तरह की बेई-मानी से कितनी रकम जो कि स्टेट्स को मिलनी चाहिये वह नहीं मिल पाती है। इसी तरह रेलवे से मिलने वाली आय का इस तौर पर आप हिसाब लगायें तो मैं समझता हूं कि एक वर्ष में सरकार को इस मैलप्रैक्टिस (कदाचार) से करोड़ों रुपये का घाटा होता है और उसको रोकथाम करने की बहुत आवश्यकता है। जब हम इसकी चर्चा करते हैं तो हम से कहा जाता है कि अरे भाई क्या हुआ अगर इन छोटे आदमियों ने कुछ राष्ट्र की आय ले भी ली और लोग उन को बचाने की कोशिश करते हैं और कहते हैं कि आपका ध्यान उन लोगों की तरफ नहीं है जो आपको हजारों और लाखों रुपये का नुक्सान पहुंचाते हैं और आप इन छोटे तबके के आदमियों को ही पकड़ते हो। अब यह जो करप्शन और भ्रष्टाचार हमारे देश में बढ़ा है और उसको लेकर यहां पर काफी वादविवाद हुआ और उसके लिये हमने कानून भी बनाये और उनमें आवश्यक संशोधन भी किये लेकिन देखना तो यह है कि क्या उन सब के बावजूद भी उसमें कोई कमी हुई या उसमें कोई रुकावट पड़ी और जब हम यह देखते हैं तो हम उलटी

[श्री राघे लाल व्यास]

बात पाते हैं और देखते हैं कि करप्शन और बढ़ा है ।

मिसाल के तौर पर मैं आपको बतलाऊं कि मैं एक देहात में गया जहां कि मेरे एक मित्र रहते थे । मैंने उनसे पूछा कि अच्छा भाई आज तो यह शासन किसानों के लिए क्या क्या काम कर रहा है, पहले राजाओं के राज्य में आप लोगों को कभी कोई पूछता भी नहीं था । उन्होंने कहा कि वाकई हम इसको मानते हैं कि शासक खूब खर्च कर रहे हैं और कांग्रेस के राज्य में काफी किसानों को सहूलियतें हैं लेकिन उन्होंने बड़े दुःख के साथ यह कहा कि जब हमें कर्ज वगैरह मिलता है तो उसमें से कुछ हिस्सा हमें रिश्वत के रूप में देना पड़ता है जब जाकर कहीं हमें वह मिल पाता है । वे किसान मेरे एक रिश्तेदार ही थे और मैंने उनसे इस पर यह कहा कि यह तो ऐसी बातें हैं जो बाजार में चलती रहती हैं और क्या आप यह कह सकते हैं कि आपने खुद इस तरह की रिश्वत दी है तो उन्होंने कहा कि, जनाब मेरे संग ही यह वाया पेश आकया है और मुझे भी इस तरह की रिश्वत देनी पड़ी है और जब हम यह बात सुनते हैं तो बड़ा दुःख होता है कि हम टैक्स लगाकर किसी तरह से रुपया जुटाते हैं और उनको उपयोगी कामों पर खर्च करना चाहते हैं लेकिन जितना लाभ जनता को मिलना चाहिये वह नहीं मिल पाता है और उस हालत में जनता से हम सहयोग की कैसे अपेक्षा कर सकते हैं ।

इसलिए इस योजना को कामयाबी से चलाने के लिए पैसे की फिजूलखर्ची को रोकने की है और यह देखने की है कि एकोनोमी हो और जितना खर्च किया जा रहा है वह ठीक तौर पर किया जा रहा है और उसका पूरा नतीजा निकले ।

दूसरी चीज यह है कि इस योजना को सफल बनाने की बहुत कुछ जिम्मेदारी हमारे ऐडमिनिस्ट्रेशन (प्रशासन) की जो चलाने वाला शासकीय वर्ग है उस पर है । आज हम देखते हैं कि उसकी कार्यक्षमता में एफिशियेंसी में बहुत कमी है । पब्लिक एकाउंट्स कमेटी और एस्टिमेंट्स कमेटीज की बैठकों के दौरान जब सेक्रेटरीज से बातें होती हैं तो वे इस बात को कबूल करते हैं कि पहले से मुकाबले में आज ऐडमिनिस्ट्रेशन की एफिशियेंसी में बहुत ज्यादा कमी आ गई है और इसका योजना की सफलता पर काफी प्रभाव पड़ता है । इसलिए ऐडमिनिस्ट्रेशन को ज्यादा एफिशियेंट और ज्यादा ईमानदार बनाने की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है और वगैर इसके हमें इसमें सफलता नहीं मिल सकती है ।

एक चीज और भी बहुत जरूरी है और वह है शिक्षा की देश में उत्तम और उचित व्यवस्था करना । आज शिक्षा पर काफी पैसा खर्च हो रहा है और हमने देखा कि मध्य-भारत में कई हाईस्कूल दूसरे और कालिजेज खोले गये हैं लेकिन इस वर्ष मैट्रिक का नतीजा देखा जाये तो मालूम हो जायेगा कि मैट्रिक का नतीजा इस वर्ष केवल ३९ प्रतिशत ही रहा है । जहां कि हजारों पर लाखों लड़के उस इम्तिहान में बैठे और नतीजा सिर्फ ३९ परसेंट निकला । सिर्फ शिक्षा पर भारी रकम की व्यवस्था कर देने भर से ही काम चलने वाला नहीं है बल्कि यह देखना है कि शिक्षा ठीक ढंग से चल भी रही है या नहीं । आज हम देखते हैं कि विद्यार्थियों में काफी अनुशासनहीनता की भावना बढ़ती जा रही है और आये दिन हमें विद्यार्थियों में बढ़ती हुई इनडिस्प्लिन देखने को मिल रही है । पहले जब कभी कोई इंस्पैक्टर स्कूल में आता था अथवा कोई मिनिस्टर आता था तो विद्यार्थियों में एक प्रसन्नता होती थी, आज विद्यार्थियों में प्रेम और सद्-भावना जो शासन के प्रति होनी चाहिये उसके स्थान पर विरोध भाव बढ़ता जा रहा है और इसकी ओर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है ।

आज चारों ओर से यह आवाज सुनने को मिलती है कि शिक्षा पद्धति में तबदीली लानी चाहिए लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इसी शिक्षा पद्धति में महात्मा गांधी ने शिक्षा ली और वह इतने आदर्श और विद्वान पुरुष बने कि सारा संसार उनकी पूजा करता है और हमारे प्रधान मंत्री महोदय ने भी उसी वर्तमान शिक्षा पद्धति में शिक्षा पाई है और आज वे दुनिया का मार्कदर्शन कर रहे हैं और देश का नेतृत्व कर रहे हैं और उनके अतिरिक्त बहुत से ऐसे बड़े बड़े महापुरुष हो गये हैं जिन्होंने इस अंग्रेजी शिक्षा पद्धति में तालीम हासिल की। सवाल अंग्रेजी पद्धति को बदलने या स्कूलों की शक्ल को बदलने का नहीं है और केवल कोर्स को किताबों और पाठ्यक्रम को बदल देने से ही आदमी शिक्षित नहीं हो सकता है और मैं समझता हूं कि जब तक शिक्षा एक व्यक्ति का दिमागी विकास करने के साथ साथ उसका चारित्रक विकास नहीं करती तब तक शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

मैं समझता हूं कि जब तक विद्यार्थियों के लिए अधिक से अधिक संख्या में बोर्डिंग हाउसेज में रहने की व्यवस्था नहीं होगी और उनके पूरे समय पर नियंत्रण नहीं होगा कि वे किस समय पर उठें, किस समय पर पढ़ें, तब तक हम अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सकते हैं। हमें उनको समय पर काम करना सिखाना चाहिए और उनमें अच्छे और विचारशील साहित्य को पढ़ने के लिए रुचि पैदा करें और जब तक हम ऐसा करने में सफल नहीं होंगे तब तक देश किसी भी दिशा में तरक्की नहीं कर सकेगा।

आज हमारे सामने इतना बड़ा देश है, हमारे सामने बहुत बड़ा काम है, इसलिये यह बहुत जरूरी है कि सब से पहले हम अपनी शिक्षा की ओर ध्यान दें। केवल शिक्षा की चर्चा करने से या प्रस्ताव पास करने से ही या यहां से हिदायतें जारी करने से यह काम पूरा नहीं हो सकता है, बल्कि कोई ऐसी पद्धति निकाली जानी चाहिये जिस से चरित्र का निर्माण हो, और जो कम खर्चीली हो। आज हम समाजवादी समाज की व्यवस्था की बात करते हैं, लेकिन दूसरी तरफ हम देखते हैं कि शिक्षा बहुत खर्चीली है। यदि हम इंजीनियरिंग कालेज में अपने लड़के को भेजना चाहें तो १०० से १५० रुपये तक महीने में उसके लिये खर्च करना पड़ता है, मेडिकल कालेज में भेजे तो भी १५० रुपये तक खर्च करना पड़ता है, ऐग्रिकल्चर कालेज में भी १२५ रुपये तक खर्च करना पड़ता है। आज जो देश की जनता में ७० फी सदी किसान और मजदूर हैं वह गरीब अपने बच्चों को इस प्रकार की शिक्षा क्या दे सकते हैं? क्या उन के सिर ऊंचे उठ सकते हैं? आज इस की तरफ आप लोगों का ध्यान नहीं जाता है। इस लिये जरूरत यह है कि यदि हम देश को शिक्षित करना चाहते हैं तो जो योग्य विद्यार्थी हैं, उन को हम चुन लें, उन को स्कालरशिप्स (छात्रवृत्तियां) दें, उन को राज्य के खर्चे से पढ़ायें और उन को नौकरी दें। चाहें तो हम उन को कर्ज के रूप में सहायता दें और नौकरी के समय उनसे वापस ले लें। जब हम ऐसा करेंगे तभी देश का सुधार हो सकता है, जो नीचे गिरे हुए हैं, वे ऊंचे उठ सकते हैं। हम आज बड़ी बड़ी नौकरियों के सम्बन्ध में देखते हैं कि जो बड़े आदमी हैं, पूंजी वाले हैं, जो खर्च कर सकते हैं, उन्हीं के लड़के उन में जा सकते हैं, आज स्कालरशिप्स जरूर दिये जाते हैं लेकिन जो इने गिने पैसे वाले लोग होते हैं, वही उन का लाभ उठा सकते हैं। इसलिये मैं समझता हूं कि अधिक से अधिक ध्यान शिक्षा की ओर देने की जरूरत है, जिससे कि हमारी अपनी योजनायें भी सफल हो सकें और ज्यादा से ज्यादा लाभ हम उन से उठा सकें।

श्री ब० ये० रेड्डी (करीमनगर): जितना थोड़ा सा वक्त मुझे मिला है, उस में मैं इस प्लेन पर अपने ख्यालात जाहिर करना चाहता हूं। इस प्लेन में जिस बात पर खास तौर से

[श्री ब० ये० रेड्डी]

जोर दिया गया है वह इंडस्ट्रियलाइजेशन के बारे में है, उस को काफी अहमियत (महत्व) दी गई है। चूंकि कंट्री (देश) का इंडस्ट्रियलाइजेशन होना बहुत जरूरी हैं, इस लिये इस पर सही तौर पर ज्यादा जोर दिया गया है। इसमें भी हेवी इंडस्ट्रीज (भारी उद्योग) को ज्यादा अहमियत दी गई है, यह भी बहुत जरूरी है। जब तक हम हेवी इंडस्ट्रीज को डेवेलप नहीं करेंगे तब तक हमारे देश में आर्थिक उन्नति नहीं हो सकेगी और हम किसी भी मैदान में तरक्की हासिल नहीं कर सकेंगे। इसलिये इस में हेवी इंडस्ट्री पर जितनी अहमियता दी जाये उतनी ही कम है।

मेरा यह ख्याल है कि हेवी इंडस्ट्रीज को इस में जितनी अहमियत दी गई है और जितना भी ऐलाटमेंट उस को दिया गया है वह कम है और इस को और ज्यादा ऐलेटमेंट किया जाना चाहिये। इस में जिस कमी को खास तौर से पूरा करना चाहिये वह यह है कि इस में मशीन बिल्डिंग इडस्ट्रीज को बहुत जगह नहीं दी गई है, और जितनी जगह दी गई है बहुत कम है, मुल्क की जरुरियात को पूरा करने के लिये वह काफी नहीं है। जैसा हमारे फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने कहा था कि इसको रिव्यू (पुनर्विलोकन) करने का स्कोप (गुंजाइश) अभी है, तो जब सोचने का वक्त आयेगा तो मैं उम्मीद करता हूं कि इस बात को वह जरूर सोचेंगे और ज्यादा ऐलाटमेंट देंगे।

बाज मित्रों ने यहां पर ऐतराज उठाया कि इस में हेवी इंडस्ट्रीज पर ज्यादा जोर दिया गया है, यह सही नहीं है। इस में इस चीज को ओवर एम्फैसाइज किया गया है, यह ठीक नहीं है। लेकिन मैं उन के इस खयाल से इत्तफाक नहीं करता। वह गलती पर हैं क्योंकि जब तक हम मुल्क में हेवी इंडस्ट्रीज को डेवेलेप (विकास नहीं करेंगे तब तक हम किसी तरह की तरक्की नहीं कर सकते हैं।

अब कंज्यूमर्स इंडस्ट्रीज (उपभोग वस्तु उद्योग) को देखिये हमको जराती (कृषि संबंधी) तरक्की भी करनी है, और माडर्न लाइन्स पर करनी है। आप किसी भी फील्ड (क्षेत्र) को ले लीजिये, जब तक आप हेवी इंडस्ट्रीज को तरक्की नहीं देंगे तब तक किसी भी फील्ड में तरक्की हासिल नहीं कर सकेंगे।

कई मित्रों ने कहा कि कंज्यूमर इंडस्ट्रीज के बारे में ज्यादा सोचना चाहिये और ज्यादा जगह देनी चाहिये, जब तक कंज्यूमर्स इंडस्ट्रीज को ज्यादा तरक्की नहीं दी जायेगी, तब तक मुल्क की जरुरियात पूरी नहीं हो सकेंगी, यह उन का खयाल है। लेकिन मेरा यह खयाल है कि अगर आप कंज्यूमर्स इंडस्ट्रीज को तरक्की देना चाहते हैं, तो उस का दारोमदार भी हेवी इंडस्ट्रीज पर ही है। जब हम हेवी इंडस्ट्रीज को तरक्की देंगे तभी कंज्यूमर्स इंडस्ट्रीज अपनी जरुरियात को पूरी करने के काबिल बनेंगी और मुल्क फायदा उठा सकेगा। इसी तरह अगर हमें ऐग्रिकल्चर की तरक्की देनी है तो भी हमें हेवी इंडस्ट्रीज की तरफ तवज्जह देनी पड़ेगी।

जब हम अपने मुल्क में योजना के बारे में सोचते हैं तो दो बातें हमारे सामने आती हैं। उन को सोच कर उन पर अमल करना होगा। एक इंडस्ट्रियलाइजेशन और दूसरा ऐग्रेरियन रिफार्म (भूमि सम्बन्धी सुधार)। जब तक हम ऐग्रेरियन रिफार्म्स नहीं करेंगे उस वक्त तक इंडस्ट्रियलाइजेशन का काम होना मुश्किल है। इंडस्ट्रियलाइजेशन करने के लिये ऐग्रेरियन रिफ़ार्म्स करना जरुरी है। मान लीजिये कि हम इंडस्ट्रियलाइजेशन करते हैं, पैदावार भी ज्यादा होती है, तो भी उस का कंज्यूम (उपभोग) करने वाला भी तो होना चाहिये। हम उन को कंज्यूम उसी वक्त कर सकेंगे जब आम जनता, लैंडलैस लेबरर्स (भूमिहीन श्रमिक) छोटे छोटे पेजेन्ट्स (किसान), थोड़ी जमीन रखने

वाले हैं, उन की हालत बेहतर हो । जब तक उन की हालत बेहतर नहीं होगी, जब तक उन की हालत खरीदने के लायक नहीं होती, उस वक्त तक कंज्यूमर्स गुड्स का कंज्यूम करना मुश्किल हो जायेगा, इसलिये जरई इस्लाहात का अमल (जराती तरक्की) करना भी बहुत जरूरी है । जरई इस्लाहात (कृषि सम्बन्धी औजार) (जराई हालात) के ऊपर हम को ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिये, जब तक उस पर ध्यान नहीं देंगे, हमारा मुल्क आगे नहीं बढ़ेगा ।

बाज लोगों का खयाल यह है कि अगर लैंड रिफार्म्स अमल में लाये जायेंगे तो आज जो भी हमारा सिस्टम है उस को धक्का पहुंचेगा और जो पैदावार हो रही है, वह नहीं हो सकेगी और आगे चल कर नुक्सान होगा, इसलिये इस को अमल में नहीं लाना चाहिये । इतना ही नहीं बल्कि उन का कहना था कि जमीन की इसलाह का जो मसला है वह शहर और गांवों में रहने वालों के बीच झगड़े का मसला है । लेकिन यह खयाल गलत है । यह मसला है देहात के लोगों का । यह देहात के उन लोगों का मसला है जो जिरात करते हैं, जिरात के ऊपर जिन की जिन्दगी का दारोमदार है, जिन में छोटी जमीनों के रखने वाले भी हैं और बड़े बड़े जमीदार भी हैं,—जिनके पास हजारों और सैकड़ों एकड़ की जमीन है, साथ ही यह उन लोगों का भी मसला है जो बिल्कुल जमीन नहीं रखते हैं, यानी जो लैंडलेस ऐग्रिकल्चरल लेबरर्स हैं । तकरीबन मुल्क की ७० फी-सदी आबादी की जिन्दगी का दारोमदार जमीन पर है, इसलिये यह उन का मसला है । जो लोग लैंडलेस लेबरर्स हैं और जो छोटी छोटी जमीन रखते हैं, उन की जिन्दगी बड़ी तकलीफ से गुजरती है, इसलिये इस मसले को उन के नुक्तये नजर से देखना चाहिये । यह एक सोशल जस्टिस (सामाजिक न्याय) का मसला है; इस लिये उन के बारे में आप को जरूर सोचना चाहिये ।

एक साहब ने कहा कि जमीन का तकसीम कर दिया जाये और सीलिंग ३० एकड़ तय रक्खी जाये । तो एक ३० एकड़ जमीन रखने वाली फैमिली की आमदनी कितनी होगी ? उन में जितने मेम्बर्स होंगे अगर उन में तकसीम कर दिया जाये, तो औसत आमदनी ५० रुपये की हो जायेगी । जो नाकाफी होगी, लेकिन वह उन लोगों की तरफ जो खेती मजदूर है क्यों नहीं देखते जिन की आम-दनी पांच रुपये भी नहीं है । यदि इन लोगों के साथ उनका मुकाबला किया जाये तो आपको पता लग जाएगा कि कितनी बेइंसाफी इन के साथ हो रही है । आज जरुरत इस बात की है कि जो लैंडलेस लेबरर्स हैं तथा जो दूसरे किसान हैं उनकी भलाई कैसे हो सकती है, इस पर हम विचार करें और उनकी स्थिति ऊंचा उठाने का प्रयत्न करें । इस सवाल को हमें सिर्फ इसी दृष्टि से नहीं देखना है कि हम उनके साथ इंसाफ करना चाहते हैं बल्कि इस दृष्टि से भी देखना है कि हम उनका उत्साह इस प्लान के प्रति बढ़ाना चाहते हैं । जब हम उनकी जो तकलीफात हैं उनको देखते हैं तो ऐग्रेरियन रिफार्म्स का जो मसला है वह हमारे सामने आ जाता है । आज जरूरत इस बात की है कि जो लैंडलैस लेबरर्स हैं उनको कुछ न कुछ जमीन मिले और साथ ही साथ जिन के पास बहुत थोड़ी जमीन है, एक एकड़ है, या डेढ़ एकड़ है, उनको थोड़ी सी जमीन और मिले जिससे कि उनका गुजर कुछ अच्छी तरह से हो सके । अगर हमने इस दिशा में अपने कदम बढ़ाये, तो हम एक अच्छा काम करेंगे । इससे न सिर्फ हम उन के साथ इंसाफ ही करेंगे बल्कि उनकी इकोनोमिक (आर्थिक) हालत भी हम सुधार सकेंगे और उन की परचेजिंग पावर (खरीदने की शक्ति) भी कुछ बढ़ जायेगी । इसका नतीजा यह होगा कि वे लोग भी मुल्क को आगे ले जाने में आपकी मदद करेंगे और हमारा जो प्लान है वह सक्सेसफुल होगा, वह सफल होगा । इस प्लान की कामयाबी लोगों की कोओपरेशन (सहयोग) पर निर्भर

[श्री ब० ये० रेड्डी]

करती है और जब तक लोग आपके साथ कोआपरेट नहीं करेंगे आपका प्लान सक्सेसफुल नहीं हो सकता । अगर आप उनको सेटिसफाई (संतुष्ट) करने की कोशिश करें तो वे लोग हर तरह से इस बात की कोशिश करेंगे कि आपका प्लान सफल हो और देश को ऊंचा उठाने में वे आपकी मदद करें । इस वास्ते एग्रेरियन रिफार्म्स को लाना बहुत जरूरी है । इससे न सिर्फ हम छोटे किसानों के प्रति इंसाफ करेंगे, बल्कि प्लान को सफल बनाने का एक रास्ता भी हम को मिल जायेगा ।

प्लानिंग मिनिस्टर साहब ने यह कहा है कि जो पैनल बिठाया गया था, जो प्लानिंग कमिटी बैठी थी और उसकी तरफ से जो जो सिफारिश की गई थी, उन सब को इस प्लान में रख दिया गया है और उनको मंजूर कर लिया गया है । उनका यह कहना था कि जो चीजें इसमें रखी गई हैं और जो सिफारिशें उस कमिटी ने की हैं, उनमें कोई सबस्टेंशल वेरियेशन (सारवान् परिवर्तन) नहीं है । इस बात को जो उन्होंने कहा है, मैं सही नहीं मानता हूं । मैं समझता हूं कि उनकी यह बात वाकयात पर मबनी नहीं है, बल्कि उनसे कुछ हटकर है । मैंने सिफारिशों का, और जो बात इस प्लान में रखी गई हैं, मुकाबला करके देखा है और उनको अपने पास नोट भी करके रखा है, लेकिन चूंकि समय नहीं है, इस वास्ते मैं उनको पढ़ कर आपको बता नहीं सकता हूं । यह जो फर्क है यह मामूली फर्क नहीं है, बहुत बड़ा फर्क है । मैं चाहता हूं कि जो सिफारिशें की गई हैं उनको मान लिया जाना चाहिए और इस फर्क को दूर कर दिया जाना चाहिये । जो भी रिकोमेंडेशंस (सिफारिश) पेनल की तरफ से की गई हैं, उनको मान कर अमल में लाने की हमें कोशिश करनी चाहिये । मैं समझता हूं कि मुल्क की हालत को बेहतर बनाने के लिये तथा मुल्क को आगे ले जाने के लिए वे सिफारिशें भी काफी, नहीं हैं लेकिन फिर भी जो उसकी तजवीजें हैं उनको अगर मान कर अमल में लाया जाये तो कुछ न कुछ फायदा अवश्य हो सकता है और उन लोगों का उत्साह इस प्लान के प्रति बढ़ा सकते हैं ।

Shri S. L. Saksena (Gorakhpur Distt.—North): Mr. Deputy-Speaker, Sir, this Plan is the biggest endeavour on which this Government has ever launched and I congratulate them on it, but I warn them that they have to be aware of what our neighbours are doing. I would like to compare our progress with the progress of China. It has often been said that we begain our efforts towards progress together and our conditions were almost the same. We were liberated on 15th August, 1947, and China was liberated on 1st October, 1949, that is about two years after we became independent. Our First Plan began on 1st April. 1951, their's began on 1st January, 1953, just two years after our Plan started. I would like to tell you, Sir, the progress which they have made as compared to our progress.

In the First Plan we spent about Rs. 2,000 crores, whereas China will spend in their First Plan Rs. 15,300 crores, that is about seven times what we have spent on our Plan. Even in our Second Plan we will spend Rs. 4,800 crores in the public sector and Rs. 2,400 in the private sector, that is we will spend Rs. 7,200 crores in all. So we will spend only about Rs. 9,200 crores during the two Plan periods whereas China in their First Five Year Plan alone will spend Rs. 15,300 crores, which is more than one and a half times the amount we will spend in ten years on both our plans. Therefore, their progress during the first five years of their Plan is 7½ times our progress in our first five years.

Now I will give figures to show what we have achieved and what they have achieved. Out of the total outlay

in the Second Plan we are spending 56 per cent. on industries, power and transport. In the First Plan itself, China spends 77 per cent. on industries, power and transport. Out of the sum allotted for industrial expansion in China, 88 per cent. is for heavy industries. As regards engineers, we will be sending out 4,500 engineer graduates in 1961, whereas today we turn out 3,600 engineer graduates every year; that is to say in five years we will be sending out 20,000 engineer graduates whereas China will turn out 94,300 graduates in its First Five Year Plan, which means about five times the number we produce.

Now I come to steel production. Our production of steel in 1951 was 1.1 million tons and the production of steel in China in 1952 was 1.53 million tons. In 1956 our production is 1.3 million tons whereas China will achieve next year a target of 4.12 million tons; that means about three times our production. In 1961 we will produce 4.3 million tons when China will produce 10 million tons; that is to say, even now it is three times our production and in 1961 it will become more than double of what we will produce. In 1951 we produced 32.3 million tons of coal and China produced 63.5 million tons of coal in 1952. In 1956 we will produce 38 million tons and China will produce 130 million tons in 1957, that means about three times our production. Even in 1961 we will produce only 60 million tons, just half of what China will produce next year.

Coming to electric power, we had 2.3 million k.wts in 1951 and China had 3 million k.wts in 1952. In 1956 we will have 3.4 million k.wts and China will have 4 million k.wts; that is more than what we will have. In 1961 we will have 6.9 million k.wts but I have not got the figures for China's next Plan.

Now I come to the main thing with which they finance the Plan and that is food. That is the main source of financing the Plan in China. Our food production in 1956 is 65 million tons whereas next year China will have a food production of 192 million tons, i.e. three times our production. That means they finance the Plan mainly by surplus agricultural production and secondly by profits of State industrial enterprises. That is why their Plan is seven times our's in the first five years.

This, Sir, is the difference in progress. Still, I welcome this great venture on which we are embarking. We must realise that we are now embarking upon our Second Plan which is only one-half of China's First Plan. Therefore, those friends of ours who have argued that it is a very ambitious Plan, and that we are going very fast, are living in a different world. They are not correct. My friend Shri N. C. Chatterjee was arguing that heavy industries are a drain upon the country, we should not spend on them and we should spend on light industries and consumer goods. I say, heavy industries are the real base on which a country can progress. I am very glad this Plan gives importance to heavy industries.

5 P.M.

One thing which I find missing in the Plan is the lack of sufficient provision for education. I suggest that 100 million children—practically all of them—between the ages of 6 and 17 should be at school by 1961. But unfortunately, only 40 million will be at school in 1961, and that works out to be only 40 per cent. This is a very big drawback. I think that if we had tried to fulfil the directive of our Constitution and provided for the education of all our school going age children in school by 1961, it would have been really farsighted. We will have to spend a great deal more than what is sought to be provided now for putting all the children of the school-going age in school. For this purpose, we will have to spend about Rs. 300 crores more, in which case, we can put all of the school-going children between 6 and 17 years of age in school. But, if 60 million children are not able to go to school even after the next five years, there will be a great handicap on this score in the future and pro-

[Shri S. L. Saksena]

gress in the 3rd and 4th Five Year Plans will not be rapid. Therefore, I suggest that first priority should be given to the subject of education in the matter of sending all the school-going children between 6 and 17 years of age to school. This aspect of the plan has not been given full attention by the planners.

There is another thing to which I should like to refer. We have got about 5.5 million unemployed who are matriculates and their number will remain the same even after five years. If we decide to impart elementary education to all the children of school going age during the Plan period, these educated unemployed people could be given jobs. Thus, we can solve two problems simultaneously, namely, we can give employment to all the unemployed matriculates and also put every child between 6 and 17 years of age in school during the plan period.

Another complaint of mine is about the flood protection programme. Recently, I read an article of Shri Kanwar Sain, Chairman of the Central Water and Power Commission. He said that if we fulfil the flood protection programme in relation to all the areas that need such a protection, a sum of Rs. 100 crores will be the additional annual national income. So, we can raise our present national income by Rs. 100 crores through flood protection works.

Mr. Deputy-Speaker: There are so many voices audible here that it is difficult to follow the hon. Member who is speaking.

An hon. Member: The hon. Member's voice cannot be heard on this side.

Mr. Deputy-Speaker: I cannot help it. But I can ask the hon. Members to keep silent.

Shri S. L. Saksena: In the pamphlet dealing with floods in India, published in September, 1955, the Government have said that they have provided an expenditure of Rs. 117 crores on flood protection programmes. I am sorry to say that in the final Plan they have now provided only Rs. 60 crores. That means, they have cut it down to nearly half the amount. In my own State, the floods devastate nearly half of the State's cultivated area. Every year, there is a loss of about Rs. 100 crores. I have been pleading for the proper control of our rivers, especially, Ghagra, Gandak and Rapti. One of the hon. Members who has spoken just now has also referred to the need of protecting floods on the Rapti, and the Gandak. The Gandak floods also affect Bihar. In this Plan, we have not got any big River Valley scheme like the Damodar Valley Scheme or the Bhakra Nangal Scheme. I think that the Ghagra, Gandak and the Rapti multipurpose River Valley schemes must be treated as big, national schemes. They are most important rivers and multipurpose flood protection schemes in respect of these rivers will save about 50 million people of North Bihar and East U.P. from the scourge of recurring floods and consequent misery. The whole flood-affected area can be transformed into a garden valley, and electricity and irrigation may be provided there, through these multipurpose flood protection schemes. If we do that, there will not be the recurring floods every year. Thus, the Plan should be amended in two important respects. Firstly, education for all children between 6 and 17 years of age, totalling about 100 million, should be provided for in the Plan, and secondly, multipurpose river-valley projects for the control of rivers Gandak, the Ghagra and the Rapti should be taken up, so that, as I said, 50 million people in North Bihar and Eastern U.P. may be benefited and be spared from the scourge and ravages of recurring floods. Out of the total allotment for the States' Plan which is about Rs. 2,240 crores, my State has been given only Rs. 253 crores. I cannot understand this. Taking the population as the basis, a per capita expenditure of Rs. 60 should be allotted to each State, and, my State should get Rs. 378 crores. Instead of that, it has now been allotted only Rs. 253

crores, i.e., about Rs. 125 crores less. I think it is unfair. My State is the biggest State, perhaps, in the whole of India and it also has the poorest areas that one can see in this country. So, my State should not be treated like this. I therefore, plead that the present allotment should be enhanced.

I do not want to compare other States with my own State. Yet, I may mention that Bombay which has now got just half the population of my State, has got Rs. 263 crores which is more than our allotment. I do not grudge it, but I think it is not fair to treat U.P. like this. This is one of the aspects which the Plan has neglected. I hope there will be a fair allotment soon, and I also hope that efforts will be made to include the river-valley projects, which I have mentioned earlier, in the present Plan.

In the end, I must say that I am thankful to the planners who have drafted this Plan in a very careful manner and who have tried to give priority to heavy industries. Without heavy industries, we cannot proceed and we cannot lay a sound basis for the social progress of this country. I shall not take more time of the House. I trust that these few suggestions of mine will be taken into consideration by the Government.

5.06 P.M.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

Shri Raghavachari (Penukonda): I do not wish to repeat what I had to say during the meetings of the Committees on the second Five Year Plan. Those Committees which you were pleased to constitute were very useful, and most Members who wanted to say something have said it there, and what they have said have been summarised and circulated. There is no purpose in repeating them now.

I only wanted to say one thing, and that is why I have risen to speak. Only two or three days ago, the Prime Minister was pleased to state, in answer to a question on the floor of the House during the question hour, that the Community Projects and such experiments are to be concentrated and instituted mostly in places where there are natural facilities for improvement so that results may be achieved and these results might possibly enthuse other parts of the country. I only wish that this is not the final word and I hope that these projects will be concentrated in other places also. One-third of our country consists of areas where natural conveniences and advantages for irrigation and other facilities are not available. Therefore, the welfare of the whole of India depends upon the welfare and hope that might be brought first to the scarcity areas also. The Community Projects should also be concentrated in such unfortunate areas so that those areas also may have some hopes of improvement.

In the beginning, when the first Five Year Plan was launched, there might have been some excuse for concentrating the Community Projects in suitable special areas so that some results may be achieved, and thus, the people in the neighbouring areas may be enthused. But this can hardly be the guide for all time, for, if this is going to be the guide for the future, there will be a lot of disappointment in the whole country, and the full purpose of the Plan will not be achieved.

I only want to take this opportunity for stressing the point that where natural conveniences are little, the human effort to give conveniences must be more. So, unless we concentrate our efforts on such places also in the first instance, the purpose of our projects will not be served. We will not be satisfied with some results being achieved in some places where natural facilities are already available. The whole country must be happy, and to this end, the projects, especially the Community Projects, should be started in places where Nature has not provided any facility for comfort. In such places, human efforts must be concentrated and such places must be developed. I only wanted to stress this point. I have

[Shri Raghavachari]

already touched on the other points during the course of the meetings of the Committees on the second Plan.

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : अध्यक्ष महोदय, चार पांच दिन से इस मजमून पर बहस हो रही है.....

Some Hon. Members: English.

Shri Boovaraghasamy (Perambalur): It is a very important speech; all of us should hear it.

श्री जवाहरलाल नेहरू : इस मामले में आप मुझ पर छोड़ दीजिये। जिस भाषा में जब मैं चाहूंगा बोलूंगा। शायद अंग्रेजी में भी कुछ कह दूं।

Mr. Speaker: He will speak in English also.

श्री जवाहरलाल नेहरू : कुछ दिनों से इस मसले पर बहस हो रही है। पिछले सेशन में भी हुई थी। मुझे अफसोस है मैं ज्यादातर यहां नहीं रह सका उन भाषणों को सुनने के लिए जो कि यहां हुए। लेकिन जो उनकी रिपोर्ट तैयार हुई थी उसको बाद में पढ़ने की कुछ कोशिश की। काफी मवाद पढ़ने के लिए तैयार हो गया था। थोड़ा सा मैं यहां लाया लेकिन वह भी काफी है। इतना ज्यादा मैं ने पढ़ा। इससे कभी कभी तो दिमाग पर रोशनी आती थी और कभी कभी अंधेरा छा जाता था। अंधेरा इस बात से आता था कि कभी कभी जो बड़े सवाल हमारे सामने हैं वे छोटी छोटी बातों में छिप जाते हैं। इस मामले में बहुत जरूरी बात यह है कि हम याद रखें कि पहली बात क्या है, अव्वल बात क्या है, और दूसरी और तीसरी और चौथी बातें क्या हैं। अगर हम पहली और दूसरी और तीसरी और चौथी बातों को मिला कर कहा करें तो पहली बात का पहलापन निकल जाता है। वह भी चौथी बात हो जाती है। फिर आपकी सारी शक्ति और ताकत, और देश की, हर बात में फैले, तो असली बातें रह जाती हैं, असली सिक्के रह जाते हैं, गलत सिक्के चलने लगते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि कुछ हम अपने सामने रखें कि यह नक्शा क्या है, इस योजना का क्या ध्येय है, हमारे सामने चित्र क्या है, क्या तस्वीर है जिधर हम जा रहे हैं। महज हमसे कहा जाता है कि देश में गरीबी है, देश में पढ़ाई का इन्तिजाम ठीक नहीं है, देश की रेलें ठीक नहीं चलतीं, और जैसा हमारे मित्र टंडन जी ने कहा कि सामाजिक खराबियां हैं। इसमें कोई शक नहीं कि सामाजिक खराबियां हैं, और उनको हमें अच्छा करना है। लेकिन अगर हम हर बात को एक साथ करने की कोशिश करें, और शक्ति हमारी कम है, तो कोई बात पूरी नहीं हो सकती। इसलिए सवाल पैदा हो जाता है उस शक्ति को बढ़ाने का, और उस बढ़ी हुई शक्ति से बड़े बड़े काम करने का। हां और काम भी होंगे। मेरा यह मतलब नहीं है कि हम और कामों को मुल्तवी कर देंगे। सब साथ चलना है। लेकिन पहला ध्यान और पहली तवज्जह देश की शक्ति बढ़ाने की ओर देना है। देश की शक्ति क्या चीज है। बहुत सारी बातें हैं। कुछ बातों का आप अन्दाजा कर सकते हैं, तराजू पर तोल सकते हैं, कुछ नहीं। एक मोटी बात है। हमें देखना है कि हमारे देश में धन कितना पैदा होता है, दौलत कितनी पैदा होती है। मेरा मतलब सोने चांदी से नहीं है, बल्कि मेरा मतलब यह है कि हमारे देश में कितना सामान पैदा होता है जो कि असली धन है, चाहे वह खेत में पैदा हो, चाहे कारखाने में पैदा हो या कहीं और पैदा हो, क्योंकि अगर हमारा मुल्क गरीब है तो हमारी गरीबी काम करने के रास्ते में आती है। जब तक हम गरीब हैं तब तक हम कोई बड़ा काम नहीं कर सकते।

मेरे एक मित्र, श्री विभूति मिश्र, ने एक बड़ा सिद्धान्त पकड़ा कि गरीबी हमारा सिद्धान्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि

अगर गरीबी हमारा सिद्धान्त नहीं है तो हम नहीं बढ़ सकते । तो मैं तो बहुत अदब से कहना चाहता हूं कि मेरा सिद्धान्त है गरीबी से दुश्मनी करना, गरीबी से लड़ाई करना और गरीबी को उखाड़ कर फैंक देना । और यह सिद्धान्त हर एक का होना चाहिए । आखिर मामला क्या है ? हम इस देश में क्या कर रहे हैं । हम इस देश में गरीबी से जंग लड़ रहे हैं, गरीबों से नहीं, आप दोनों को मिलायें नहीं । हमारी जंग है गरीबी से, गरीब से नहीं । जब तक आप गरीबी से लड़कर उसे खत्म नहीं कर देंगे तब तक आप आगे बढ़ नहीं सकते, क्योंकि वह तो एक ऐसी बीमारी है जो कि आप के हाथ पांव को जकड़ देती है और जो हमारे दिल में काम करने की शक्ति होती है वह वहीं रह जाती है, निकल नहीं पाती । तो फिर सवाल यह हो जाता है कि कैसे हम इस गरीबी से लड़ें और अपनी शक्ति बढ़ायें । ताकि हम वह वह बातें कर सकें जो कि हम करना चाहते हैं । और यह जो सारा नक्शा और प्लान वगैरह आप देखते हैं वह इसीलिए है कि किस तरह से देश की शक्ति बढ़े, देश की पैदावार बढ़े, दौलत बढ़े, और उस दौलत से फिर हम क्या करें ।

हमारे सामने दो बातें हैं । एक तो यह कि किस तरह से हम लोगों को आराम पहुंचावें और किस तरह से और शक्ति बढ़ावें और काम करने की बात करें । इन दोनों बातों में कभी कभी एक जरासा विरोध सा हो जाता है । वह यह कि हम अपनी शक्ति आपको आराम पहुंचाने में लगावें, या उस को देश की शक्ति और बढ़ाने में लगावें ताकि हम कल ज्यादा काम कर सकें । इसको तराजू में बराबर रखना होता है, दोनों बातें चाहिएं । अगर हम अपनी शक्ति को आपके आराम पहुंचाने में ही लगा दें तो हम गरीब के गरीब ही रहते हैं, हम आगे नहीं बढ़ सकेंगे । अगर हम अपनी सारी शक्ति दूसरी तरफ लगा देते हैं तो जनता को बरदाश्त करना मुश्किल हो जाता है, और यह खयाल होता है कि हम वैसे के वैसे ही रह रहे हैं । तो हमको यह देखना है कि हम किस तरह से आगे बढ़ें । फर्ज कीजिये कि हम एक जंग लड़ रहे ह, एक लड़ाई लड़ रहे हैं । कोई जनरल, कोई बड़ा अफसर अपनी फौज को तितर बितर करके चारों तरफ नहीं भेज देगा कि जाओ जहां जी चाहे लड़ो । वह अपनी फौज को जमा करता है और खास खास मौकों पर हमला करता है और इस तरह से दुश्मन को कमजोर करता है । उस हमले में एक स्ट्रेटजी (नीति) होती है, एक तरकीब होती है, महज उत्साह और जोश नहीं होता । इसके अलावा हर फौज में एक नियम और डिसिप्लिन (अनुशासन) वगैरह होता है । तो यह जो सारा प्लान का नक्शा है यह इसलिए है कि गरीबी से लड़ने में हमारी स्ट्रेटजी क्या हो ।

कोई साहब कहेंगे कि यहां प्लानिंग बहुत होता है, इसकी कोई जरूरत नहीं है । अमरीका में प्लानिंग नहीं होता वगैरह । तो खैर, मैं उनसे कहूंगा कि कोई भी आप बड़ा काम करना चाहें, चाहे वह अमरीका में हो, चाहे और कहीं हो, अगर उसको बगैर नक्शा बनाये, बगैर सोच विचार किये आप करेंगे तो यह कोई अक्ल की बात नहीं है । अगर आपके पास बहुत दौलत है तो आप उसको चारों तरफ फैंक सकते हैं, लेकिन अगर आपके पास कम है, तो आपको सोच विचार कर के ही खर्च करना होगा, फिजूल बातों में खर्च नहीं करना होगा । हमारी हालत यही है । हम अमरीका नहीं हैं कि हम दौलत को फेंकें और फिर भी हमारी गाड़ी चलती जाये । हमारा मुल्क गरीब है । हमारे देश में जो धन चारों तरफ फैला हुआ है वह ज्यादा नहीं है । ज्यादा होता तो गरीबी न होती । इसलिए उसे संभाल कर खर्च करना है जिससे हमारी कल की काम करने की शक्ति बढ़े । इसके लिए प्लानिंग करना होगा, योजनायें बनानी होंगी । प्लानिंग के मानी यह नहीं हैं कि हम आसाम में एक रिफाइनरी बनायें, या मध्य प्रदेश में एक यूनीवर्सिटी बनायें, या कहीं और कोई कारखाना बनायें

[श्री जवाहरलाल नेहरू]

या और कुछ करें। यह प्लान के मानी नहीं हैं। यह तो फुटकर बातें हैं जो की जायें और अगर वह उस प्लान में आती हों। अगर ये बातें उस नक्शे में आवें तो उनको करना चाहिए।

अब आप ज़रा दो तीन मोटी मोटी बातें याद रखें। कुछ तरीके हैं देश में अधिक धन पैदा करने के। कहा जा सकता है कि एक जमाने से, हजारों बरस से दुनिया का रहन सहन का एक तरीका रहा है, बदलता रहा है, लेकिन कमोबेश एक रहा है, बहुत फर्क नहीं हुआ। दुनिया में सामान, चीजें, पैदा करने के तरीके एक से ही रहे हैं, कुछ फर्क हुआ है लेकिन अधिक नहीं हुआ। लेकिन इधर दो ढाई सौ बरस हुए कि दुनिया में एक नई चीज आयी, एक नई ताकत आयी। आखिर क्या ताकत आई, वह आसमान से नहीं टपकी। इंसान ने उसको पहचाना और प्रकृति की ताकतों को उसने पकड़ा, जैसे कोयले और लोहे को उसने जोड़ कर भाप बनाई और भाप से कारखाने चलाये। वह कोई अजीबोगरीब बात नहीं थी, इंसान के दिमाग ने उसको निकाला और उसके ज़रिए से एक क्रान्ति, एक इनकलाब दुनिया में शुरू हुआ और उस इनकलाब में यह जो आजकल दौलतमंद मुल्क योरप के और अमरीका के दिखाई देते हैं वह दौलतमंद हुए! कहां से वे दौलतमंद हुए? एक दूसरे की जेब टटोल कर दौलतमंद नहीं हुए माना कि उन देशों ने आकर हमारी जेब टटोली और १००, १५० वर्ष हुए यहां से बहुत सा रुपया ले गये। लेकिन वह भी एक असल में छोटा सा हिस्सा था। असली बात यह थी कि उन्होंने कुछ नेचर की, प्रकृति की शक्तियों को पकड़ करके उनसे फायदा उठाना सीखा और उस नई शक्ति से उन्होंने अपने हाथ की ताकत बढ़ाई और यहां तक बढ़ाई कि एक हाथ हजार हाथ के बराबर काम करने लगा। उन्होंने नई नई मशीनें और नये औज़ार निकाले जिससे उनकी फौजी ताकत बढ़ गयी और उत्पादन शक्ति भी काफ़ी बढ़ गयी और इससे उन्होंने काफी दौलत पैदा की।

दूसरा सवाल दौलत के फैलाने का होता है और वह एक अलग सवाल है। यह वाक्या है कि जब उन्होंने बहुत दौलत पैदा की तो उस वक्त फैलाने की फिक्र नहीं थी और ऊंच नीच काफी हुई और जनता को बहुत परेशानी हुई लेकिन फिर भी देश में दौलत पैदा हुई और हलके हलके फैली। उसको पूंजीवाद, कैप्टिलिज्म कहते हैं, यह उस ज़माने में हुई और पूंजीवाद ने दुनिया को बहुत फ़ायदा पहुचाया उस ज़माने में लेकिन इस के माने यह नहीं हैं कि वह आजकल के ज़माने के लिए मौजूं चीज है। हमें महज़ नारों में बह नहीं जाना चाहिए और यह चीजें दिमाग से ताल्लुक रखती हैं और नारेबाज़ी से काम चलने वाला नहीं है और मुल्क का जितना तेज दिमाग होगा, उतनी दूर तक मुल्क आगे जायगा। इस तरह से एक नई शक्ति और नई ताकतें दुनिया में आईं, जिन मुल्कों ने उनसे फ़ायदा उठाया वे आगे बढ़े, उनकी फौजी ताकत बढ़ी, उनकी सामाजिक ताकत बढ़ी और उनके पास दौलत आई। आखिर यह दौलत उनके पास कहां से आई? यह दौलत उनके मेहनत और परिश्रम करने से आई और उन्होंने उसको इस्तेमाल किया और जो फौजी शक्ति उनके पास थी उसके ज़रिए उन्होंने और मुल्कों पर हमले किये और वहां से भी दौलत बटोर कर लाये। इस तरीक़े से यह मुल्क बढ़े। २००, २५० वर्ष के पहले कोई फ़र्क नहीं था चीन और हिन्दुस्तान में और यूरोप के और मुल्कों में बल्कि फ़र्क यह था कि किसी कदर चीन और हिन्दुस्तान ज्यादा आगे थे और ज्यादा दौलतमंद थे क्योंकि यहां पर अच्छे काम करने वाले आदमी थे। मैं इस बात को जरा साफ करके आपके सामने रखना चाहता हूं क्योंकि मैं चाहता हूं कि जो यह सारी बहस उस चीज को लेकर चलती है वह किसी कदर साफ़ हो जाय। मैं चाहता हूं

कि चन्द एक बुनियादी बातें हमारे सामने साफ़ हो जायं, और बुनियादी बातें यह हैं कि इस मुल्क में या किसी भी मुल्क में, आप कभी वहां की गरीबी दूर नहीं कर सकते, और उसको दौलतमंद नहीं बना सकते, जब तक कि मुल्क की पैदावार बहुत ज्यादा न बढ़े। कहीं बाहर से तो रुपया आयेगा नहीं और न कहीं और से पैदा करना है। रुपया तो हमें अपने सामान से, खेती से और कारखानों से पैदा करना है। उसके करने का क्या तरीक़ा है। मैं कहता हूं कि इसके सिवाय दुनिया में कोई और दूसरा तरीक़ा नहीं है कि बड़ी छोटी जितनी मशीनें हैं उनको मिला कर, और जो नई तरकीबें हैं और नई प्रकृति की शक्तियां हैं, उनसे साभ उठायें। मैं दावे के साथ कहता हूं कि इसके अलावा और कोई उपाय नहीं है। इसके माने यह नहीं हैं कि आप हर एक आदमी को उसमें लगा दें। देश में जो करोड़ों आदमी हैं, वे तरह तरह के काम करें। हमारा काम खाली दौलत पैदा करना तो नहीं है। हमारा काम तो इंसान पैदा करना है, और इंसानों को आराम पहुंचायें, यही असली चीज़ है। दौलत तो एक महज़ ज़रिया है, इस बात को करने के लिए। इसलिए हमें यह बात साफ़ तौर से समझनी है कि जब तक हम इन प्राकृतिक शक्तियों का पूरा लाभ नहीं उठाते जिनका कि अंग्रेज़ों और अमरीकनों ने उठाया है तब तक हम पिछड़े हुए रहेंगे भले ही हम कितनी ही अपनी ऊंची सभ्यता और आदर्श संस्कृति की चर्चा क्यों न करें, और हम गरीब बने रहगे।

अब यह कोई समझे कि हम गांवों की गरीबी शहरों से पैसा लेकर वहां पर बांट देने से दूर कर देंगे तो मैं कहूंगा कि वह मुग़ालते में हैं। आप हिसाब लगा कर देख लें कि शहरों में से कितना रुपया आप निकाल सकते हैं और उसको गांवों में बांट सकते हैं, और उससे क्या बनेगा। अलबत्ता, यह बात ज़रूर है कि जहां देश में आमतौर पर गरीबी हो वहां कुछ लोग बहुत अधिक दौलतमंद हों तो यह ज़रूर नागवार गुज़रता है और अगर वे एक बेजा तरीक़े से अपनी दौलत की शान दूसरे लोगों को दिखायें तो मैं कहूंगा कि वह बदतमीज़ी है और शराफ़त के खिलाफ़ बात है। लेकिन इससे आप अपनी आर्थिक स्थिति को अच्छा नहीं कर सकते कि हड़बड़ा करके देश भर की धन दौलत इकट्ठा कर लें। देश की अगर धन दौलत आपको बढ़ानी है तो उसके लिए आपको देश में उद्योग धंधे बढ़ाने चाहियें और उनमें आपकी खेती वगैरह भी शामिल है। खेती सब से बड़ी चीज़ है। खेती के अलावा आपको अपने उद्योग धंधों को बढ़ाना है और बड़े और छोटे कारखाने चलाने हैं।

अब इन सब बातों को करने के लिए सवाल यह उठता है कि उनके लिए कौन से नये तरीक़े अपनाये जायं जिनसे कि हम आगे बढ़ सकें। अब हमारे सामने सवाल यह है कि हम कहां तक रूस और अमरीका में जो नये तरीके रायज हैं उनको काम में लायें, क्योंकि एक चीज़ हमें सदा याद रखनी है कि हर देश की अपनी मजबूरियां और विशेष परिस्थितियां होती हैं, और हर देश को आखिर में अपना रास्ता ढूंढ़ना पड़ता है, और ज़रा भी वह देश दूसरे देश की नकल करे तो न वह उधर का रहता है और न इधर का रहता है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं लगा लेना चाहिए कि हमें दूसरे देशों से कुछ नहीं लेना है। हमें दूसरे देशों से बहुत कुछ सीखना है और फिर अपना रास्ता निकालना है।

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि अगर हम अपने देश में एक स्टील प्लान्ट लगाना चाहते हैं तो हमें दूसरे देशों से सीखना है। उसके लिए हमारे पास पुरानी किताबों में कोई तरीक़ा नहीं लिखा है। ज़ाहिर है कि स्टील प्लांट लगाने के वास्ते हमें आजकल की इंजीनियरिंग की किताबों में देखना है, और समझना है, और स्टील प्लांट वगैरह आजकल के इंजीनियर्स ही बना सकते हैं, और ज़ाहिर है कि उसको सीखने के वास्ते हम अमरीका जायेंगे और रूस जायेंगे, और तब उसको अपने देश में लगायेंगे, और वह काम हमारे यहां होगा। सब देशों से हमें सीखना होगा

[श्री जवाहरलाल नेहरू]

और समझना होगा कि किस प्रकार की मशीनें यहां अपने देश में लगाने से अधिक से अधिक लाभ होगा, इस ढंग से हमें चलना होगा। लेकिन बुनियादी बात यह है कि हमें इस मशीन की टेकनिक को अपनाना है और उसको अपनाये बगैर कोई चारा नहीं है। और यह मशीन टेकनिक यूरोप में दो सौ वर्ष हुए एक क्रान्ति लाई लेकिन वह भी जमाना गुजर रहा है और अब यह नया जमाना आया है। पहले भाप का जमाना आया, फिर बिजली का जमाना आया, अब ऐटैमिक एनर्जी (अणु शक्ति) का नया जमाना आया है जो कि एक महाशक्ति है और कहीं ज्यादा शक्तिवान है और जिससे एक इंसान ५० आदमियों का काम कर सकता है और धन दौलत पैदा कर सकता है। अब इस ऐटेमिक इनर्जी (अणु शक्ति) के युग में हम रह रहे हैं और उस नक्शे को देख रहे हैं कि कैसे जल्दी से जल्दी हमारे देश की तरक्की हो, और हमारे बीच से गरीबी दूर हो, और हर एक आदमी को काम करने का और तरक्की करने का मौक़ा मिले। मैं समझता हूं कि हमारे देश के सामने और और देशों के सामने सवाल खाली तरक्की और उन्नति करने का नहीं है बल्कि एक क़ौम की जिन्दगी और मौत का सवाल है। यह खाली कुछ एक तरफ बढ़ाने और दूसरी तरफ़ कुछ घटाने का नहीं है बल्कि इस पर हमारे देश की आजादी का सवाल निर्भर है। आज के जमाने में शक्ति बड़े बड़े जल्सों में जाकर नहीं होती है और न ही शक्ति दिखलाने के जो हाल में नये नये तरीक़े निकले हैं उनसे ही जाहिर होती है जैसे कि हमने खासतौर पर पंजाब में देखा कि वहां नारेबाजी के अलावा पत्थरबाजी भी खूब हुई। पत्थर फेंकने से कोई शक्ति नहीं मालूम होती है बल्कि यह तो जिहालत की निशानी है और जंगलीपन की निशानी है। अगर पत्थर फेंकने से काम चलता होता तो हम अंग्रेजों को पत्थर फेंक कर रोक लेते लेकिन हमने देखा कि अंग्रेजों को हम नहीं रोक सके और वे यहां पर हुकूमत करने आ गये। इसलिए मुल्क की आजादी को रखने के लिए जरूरी हो गया है कि हम दुनिया में जो नई नई टेकनिक्स और ताक़तें निकली हैं उनको पहचानें और उन पर हावी हों। आज दुनिया काफ़ी आगे बढ़ चुकी है और खाली बहादुरी और हिम्मत से अब काम नहीं चलता क्योंकि हम देखते हैं कि एक आदमी आज सैकड़ों आदमियों को बड़ी आसानी से मार सकता है। जहां तक हमारे देश में बहादुरी और हिम्मत का सवाल है मेरा कहना यह है कि आप हिन्दुस्तान की तवारीख पढ़ लीजिये, हिन्दुस्तान के किसी भी हिस्से का, उत्तर का, दक्षिण का, पूर्व का, या पश्चिम का इतिहास पढ़ लीजिये, राजस्थान का इतिहास पढ़ लीजिये, तो आपको मालूम होगा कि कैसे कैसे हिम्मत और बहादुरी के नमूने हमारे पूर्वजों ने पेश किये हैं लेकिन हमने देखा कि जब एक नई क़ौम यहां पर आई जो कि नये औजारों और हथियारों से लैस थी और जिसने टेकनीक में ज्यादा तरक्की की हुई थी, उसका जब मुकाबला हुआ तो हमारी बहादुरी और हिम्मत उसका मुकाबला नहीं कर सकी, और वह हम पर हावी हो गये, और उनकी हुकूमत इस देश में क़ायम हो गई, और चूंकि हम पिछड़े हुए थे और हमारी टेकनिक्स भी पिछड़ी हुई थीं इसलिए हम गिरे। इसलिए आज जरूरी हो गया है कि जो दुनिया के इल्म हैं, जो दुनिया की प्रकृति की ताकतें हैं, और जिनसे लोग फायदा उठाते हैं, उनको हम भी पकड़ें और उनसे फायदा उठायें। उन को पकड़ें, उन से लाभ उठायें, दूसरों से लड़ने के लिये नहीं, अपनी तरक्की को महफूज रखने के लिये। यह बुनियादी सवाल है, और सब सवाल छोटे हैं। अब उस को कैसे हल करें, क्या बेहतरीन तरीका होगा करने का ? आप यह याद रक्खें कि हमारा काम, जाहिर है, कोई अमीरों को ज्यादा अमीर बनाना नहीं है, बल्कि हमारा काम, जैसा कि अक्सर मेम्बरों ने कहा है, जो सब से ज्यादा गरीब हैं, उन को उठाना है और उन की गरीबी से उन को छुटकारा

